कंपनी अधिनियम के अनुसार कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सर्वर से संबंधित लागत को क्रमशरू छह वर्षों अथवा तीन वर्षों की उनकी अनुमानित उपयोगी आर्थिक अवधि के संबंध में सीधी पद्धति के अनुसार प्रस्तुत किया जाता है तथा उसको परिशोधित किया जाता है। ईआरपी सॉफ्टवेयर से संबंधित लागत को पूंजीकृत किया जाता है और उसे दस वर्षों की उनकी अनुमानित उपयोगी आर्थिक अवधि के संबंध में सीधी पद्धति के अनुसार परिशोधित किया जाता है।

(V) वित्तीय साधन

वित्तीय साधन ऐसी संविदा होती हैं जो कि एक सत्ता की वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं अथवा अन्य सत्ता की इक्विटी साधन के लिए वृद्धि प्रदान करती है।

वित्तीय परिसंपत्तियाँ

प्रारंभिक पहचान और मापन

सभी वित्तीय परिसंपत्तियों की वित्तीय परिसंपतियों का अर्जन को प्रभावित करने वाली लेनदेन लागत, लाभ अथवा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर रिकॉर्ड न की जा सकने वाली वित्तीय परिसंपत्तियों की स्थिति में उचित मूल्य को जोड़कर आने वाले मूल्य पर प्रारंभ में पहचान की जाती है । वित्तीय परिसंपत्तियों की खरीद अथवा बिक्री, जिनकी बाजार स्थान

(नियमित प्रकार के व्यापार में) परंपरागत अथवा विनियमन द्वारा स्थापित समय रेखा के भीतर परसंपत्तियों की सुपुर्दगी की जानी है, की व्यापार की तारीख को अर्थात् जिस तारीख को कंपनी परिसंपत्तियों की बिक्री अथवा खरीद करने के लिए वचनबद्ध है, पहचान की जाती है ।

उत्तरवर्ती मापन

उत्तरवर्ती मापन के उद्देश्य से, वित्तीय परिसंपत्तियों को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया हैः

परिशोधित लागत पर ऋण साधन

"ऋण साधनों" का परिशोधित लागत पर मापन किया जाता है यदि निम्नलिखित दोनो शर्ते पूरी हो जाती हैः

(क) परिसंपत्तियाँ व्यवसाय मॉडल के भीतर धारित की जाती है, जिनका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह राशियों का संग्रह करने के लिए परिसंपत्तियों को धारित करना है और

(ख) परिसंपत्तियों की संविदात्मक शर्तों में उन नकदी प्रवाह राशियों की निर्दिष्ट तारीखों पर होने वाली वृद्धि का उल्लेख किया गया है जिसका मूल बकाया राशियों के संबंध में मूल और ब्याज (एसपीपीआई) का एकमात्र भुगतान किया जाता है।

सभी वित्तीय देयताओं की प्रारंभिक पहचान के आधार पर उचित मूल्य पर पहचान की जाती है। वित्तीय देयताओं को जारी करने के लिए सीधे प्रभावित होने वाली लेनदेन लागत, जो कि आय या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर नहीं निकाली जाती है, उसे प्रारंभिक पहचान करने पर आने वाले उचित मूल्य पर शामिल किया गया है। प्रारंभिक मापन करने के पश्चात, ऐसी वित्तीय देयताओं का तत्पश्चात् प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का इस्तेमाल करके परिशोधित लागत पर मापन किया जाता है। परिशोधित लागत की किसी छूट अथवा अर्जन पर प्राप्त प्रीमियम और शुल्क अथवा लागत को ध्यान में रखकर गणना की जाती है, जो कि ईआईआर का एक अभिन्न भाग है। ईआईआर परिशोधन को लाभ अथवा हानि में वित्तीय आय में शामिल किया जाता है। अशक्तता से होने वाली हानियों की लाभ अथवा हानि में पहचान की जाती है।

अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण साधन (एफवीटीओसीआई)

"ऋण साधन" को एफवीटीओसीआई के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है यदि निम्नलिखित दोनों कसौटियों की पूर्ति हो जायेः

(क) व्यवसाय मॉडल के उद्देश्य की वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री करके और संविदात्मक नकदी प्रवाह राशियों दोनों का संग्रह करके पूर्ति की जाती है और

(ख) परिसंपत्ति की संविदात्मक नकदी प्रवाह में एसपीपीआई को दर्शाया गया है।

एफवीटीओसीआई श्रेणी के भीतर शामिल किये गये ऋण साधनों का प्रारंभ में तथा उचित मूल्य पर प्रत्येक रिपोर्टिंग की तारिख पर मापन किया जाता है। उचित मूल्य आवाजाही की अन्य व्यापक आय में (ओसीआई) पहचान की जाती है तथापि, कंपनी लाभ व हानि में ब्याज आय, अशक्त हानियां तथा प्रत्यावर्तन राशियों और विदेशी मुद्रा में होने वाले लाभ या हानि की पहचान करती है। परिसंपत्तियों की पहचान किये जाने पर, ओसीआई में पहले पहचान की गई संचयी लाभ अथवा हानियों का इक्विटी से लाभ व हानि में पुनः वर्गीकरण किया जाता है। एफवीटीओसीआई ऋण साधन धारण करने पर, अर्जित ब्याज की ईआईआर पद्दति का इस्तेमाल करके ब्याज आय के रूप में सूचना दी जाती है।

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण साधन (एफवीटीपीएल) प्रस्तुत किये जाते है।

एफवीटीपीएल ऋण साधनों के लिए एक अवशिष्ट श्रेणी है। किसी ऋण साधनों, जो कि एफवीटीओसीआई के रूप में

अथवा परिशोधित लागत के अनुसार श्रेणीकरण करने हेतु कसौटी की पूर्ति नहीं करती है, उन्हें एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी उन ऋण साधनों को पदनामित करने के लिए चुनेगी, जो कि अन्यथा एफवीटीपीएल के अनुसार एफवीटीओसीआई के मानदंडों अथवा परिशोधित लागत की पूर्ति करती हो। तथापि, ऐसे चुनाव करने की तभी अनुमति दी जायेगी यदि ऐसा करते हुए मापन अथवा पहचान अनुरूपता (जिसे "लेखा के अमिलान" के रूप में संदर्भित किया गया है) को कम करती है अथवा उसे समाप्त करती है। कंपनी ने एफवीटीपीएल के रूप में किसी ऋण साधन को पदनामित नहीं किया है।

एफवीटीपीएल श्रेणी के भीतर शामिल किये गये ऋण साधनों का लाभ या हानि में पहचान किये गये सभी परिवर्तन करते हुए उचित मूल्य पर मापन किया जाता है।

इक्विटी में निवेश

भारतीय लेखांकन मानक 109 के क्षेत्र में किये गये सभी इक्विटी निवेशों का उचित मूल्य पर मापन किया गया है। इक्विटी साधन जो कि व्यवसाय का आमेलन करते हुए अर्जनकर्ता द्वारा पहचान की गई व्यापार अथवा आकस्मिक प्रतिफल हेतु धारित किए जाते है, उन पर भारतीय लेखांकन मानक 103 (व्यवसाय का सम्मिश्रण) लागू होता है, जिसे एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इस वर्गीकरण को प्रारंभिक पहचान के आधार पर प्रस्तुत किया जाता है और यह सदा एक सा रहता है।

यदि कंपनी एफवीटीओसीआई के रूप में इक्विटी साधनों का वर्गीकरण करने का निर्णय लेती है, तब लाभांशों को छोड़कर साधनों पर प्राप्त होने वाले सभी उचित मूल्य के परिवर्तनों की ओसीआई में पहचान की जाती है। ओसीआई से लाभ व हानि लेखा में निवेश की बिक्री करने पर आने वाली राशियों का पुनः प्रस्तुतीकरण नहीं किया जाता है। तथापि, कंपनी इक्विटी के भीतर संचयी लाभ या हानि को अंतरित कर सकती है।

एफवीटीपीएल श्रेणी के भीतर शामिल किये गये इक्विटी साधनों का लाभ व हानि लेखा में पहचान किये गये सभी परिवर्तन करते हुए उचित मूल्य पर मापन किया जाता है।

पहचान

वित्तीय परिसंपत्ति (अथवा जहां लागू हो, सदृश वित्तीय परिसंपत्तियों के ग्रुप का भाग अथवा वित्तीय परिसंपत्ति का भाग) की उस स्थिति में मुख्य रूप से पहचान की जाती है जबः

परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह राशि प्राप्त करने का अधिकार समाप्त हो जाता है अथवा संबंधित कंपनी ने परिसंपत्तियों से नकदी प्रवाह राशि प्राप्त करने के अपने अधिकारों को अंतरित किया है अथवा यह बाध्यता निर्धारित की है कि वह "नकासी" व्यवस्था के अधीन तीसरी पार्टी को सामग्री देने में विलंब किये बिना पूरी प्राप्त की गई नकदी प्रवाह राशि अदा करें और

या तो कंपनी नेः

(क) परिसंपत्तियों के प्रतिफल अथवा सभी जोखिमों को पर्याप्त रूप से अंतरित किया है अथवा

(ख) परिसंपत्तियों के प्रतिफल अथवा सभी जोखिमों को न तो अंतरित किया है और न ही उन्हें पर्याप्त रूप से प्रतिधारण किया है परंतु परिसंपत्तियों के नियंत्रण को अंतरित किया है।

जब कंपनी किसी परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह राशि प्राप्त करने का अधिकार अंतरित करती है अथवा उसने निकासी व्यवस्था की हो, तब वह यह मूल्यांकन करती है कि क्या नियत सीमा तक उसने स्वामित्व के प्रतिफल और जोखिम

को उठाया है। जब संपत्ति के सभी जोखिम और प्रतिफलों को तत्पश्चात् न तो अंतरित किया जाता है, न ही प्रतिधारण किया जाता है, और न ही परिसंपत्ति के नियंत्रण को अंतरित किया जाता है, तब कंपनी एतद्द्वारा कंपनी के दिवालिया होने की स्थिति तक अंतरित की गई परिसंपत्ति की पहचान करना जारी रखती है। उस स्थिति में, कंपनी संबद्ध देयता की भी पहचान करती है। अंतरित की गई परिसंपत्ति और संबद्ध देयताओं का उस आधार पर मापन किया जाता है जो कि कंपनी द्वारा प्रतिधारित अधिकारों और बाध्यताओं को दर्शाता है।

अंतरित परिसंपत्ति के संबंध में गारंटी के रूप में सतत भागीदारी जारी रहती है जिसका परिसंपत्ति की निम्नतर मूल अग्रेनीत राशि तथा प्रतिफल की अधिकतम राशि पर आंकलन किया जाता है जिसकी कंपनी द्वारा अदायगी करने की अपेक्षा की जा सकती है।

वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति

भारतीय लेखांकन मानक 109 के अनुसार निम्नलिखित वित्तीय परिसंपत्तियों और क्रेडिट जोखिम के संबंध में मापन और अशक्त हानियों की पहचान करने के लिए कंपनी प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल) मॉडल को लागू करती है, जिसमें निम्नलिखित का उल्लेख किया गया हैः

(क) वित्तीय परिसंपत्तियाँ जो कि ऋण साधन है और जिसका परिशोधित लागत अर्थात् ऋण, कर्ज प्रतिभूति, जमा राशियां, व्यापार प्राप्तियों और बैंक शेष राशियों के आधार पर आंकलन किया जाता है।

कंपनी उसकी प्रारंभिक पहचान करने से लेकर प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख को आजीवन भर ईसीएल पर आधारित हानि भत्ता की पहचान करती है।

अवधि के दौरान पहचान किये गये ईसीएल हानि भत्ता (अथवा प्रत्यावर्तन) की लाभ और हानि विवरण (पी एंड एल) में आयध्व्यय के रूप में पहचान की गई है।

(vi) उचित मूल्य का मापन

कंपनी प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को उचित मूल्य पर वित्तीय साधनों का आंकलन करती है।

उचित मूल्य वह मूल्य होता है जो किसी परिसंपत्ति को बेचने के लिए प्राप्त किया जाएगा या माप की तारीख को बाजार के प्रतिभागियों के बीच एक व्यवस्थित लेनदेन करने में देयता को स्थानांतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा। उचित मूल्य माप अनुमान इस संकल्पना पर आधारित होता है कि परिसंपत्ति को बेचने या देयता को स्थानांतरित करने के लिए किए जाने वाला लेनदेन निम्न स्थान पर हुआ हो या :

- परिसंपत्ति या देयता के लिए प्रमुख बाजार में, या
- मुख्य बाजार की अनुपस्थिति में, संपत्ति या देयता के लिए सबसे लाभदायी बाजार में।

कंपनी द्वारा मूल या सबसे ज्यादा लाभदायी बाजार का पता लगाया जाये।

किसी परिसंपत्ति या देयता का उचित मूल्य इस अनुमान पर आंका जाता है कि बाजार के प्रतिभागी उस परिसंपतति अथवा देयता का मूल्य निर्धारण करते हुए इस्तेमाल करेंगे, जिससे यह अनुमान लगाया जा सकेगा कि बाजार के प्रतिभागी अपने आर्थिक बेहतर लाभ के लिए कार्य करेंगे। गैर–वित्तीय परिसंपत्ति के उचित मूल्य माप में उन बाजार प्रतिभागी को ध्यान में रखा जाता हैं, जिनमें परिसंपतति को अपने उच्चतम और सर्वोत्तम उपयोग में लाकर या किसी अन्य बाजार के प्रतिभागी को, जो परिसंपत्ति का अपने उच्चतम और सर्वोत्तम प्रयोग में उपयोग करेगा, बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने की क्षमता हो।

कंपनी मूल्यन प्रविधियों का उपयोग करती है जो कि उन परिस्थितियों में उपयुक्त हो और जिसके लिए उचित मूल्य

को मापने के लिए, संबंधित डॉटा का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने और दिखाई न देने वाले इनपुट के कम से कम इस्तेमाल करने के लिए पर्याप्त डॉटा उपलब्ध हो।

सभी परिसंपत्तियों और देयताओं, जिनके लिए वित्तीय विवरणों में उचित मूल्य का आंकलन किया गया है, उन्हें सम्पूर्ण उचित मूल्य आंकलन के अनुसार महत्तवपूर्ण निम्न स्तर के इनपुट पर आधारित निम्नानुसार वर्णित उचित मूल्य के भीतर वर्गीकृत किया गया हैः

- स्तर 1–पहचानी गयी परिसंपत्तियों अथवा देयताओं के लिए सक्रिय बाजार में उदधृत (असमायोजित) बाजार मूल्य
- स्तर 2–मूल्यन प्रविधियाँ जिनके लिए निम्न स्तर के इनपुट उचित मूल्य आंकलन प्रस्तुत करने के लिए महत्तवपूर्ण है, उनका सीधे ही अथवा अप्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया जाता है।
- स्तर 3–मूल्यन प्रविधियाँ, जिनके लिए निम्न स्तर के इनपुट जो उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण है, उनका अवलोकन नहीं किया जाता है।

उचित मूल्यों का प्रकटीकरण करने के उद्देश्य से, कंपनी ने प्रकृति के आधार पर, विशेषताओं तथा परिसंपत्तियों अथवा देयताओं के जोखिम तथा उचित मूल्य क्रम से संबंधित स्तर के आधार पर परिसंपत्तियों तथा देयताओं की श्रेणियों का निर्धारण किया है।

प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर, कंपनी के प्रबंधन परिसंपत्तियों और देयताओं के मूल्यों में होने वाली आवाजाही का विश्लेषण करते हैं, जो कि कंपनी की लेखा नीतियों के अनुसार पुनः मापने या पुनः मूल्यांकन करने के लिए अपेक्षित होती है। आवर्ती आधार पर वित्तीय विवरणों में पहचान की जाने वाली परिसंपत्तियों तथा देयताओं के लिए, कंपनी यह नियत करती है कि क्या प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर श्रेणीकरण का पुनः मूल्यांकन करके पदक्रम में होने वाले स्तरों के बीच क्या कोई स्थातांतरण हुआ है (सबसे कम स्तर के इनपुट के आधार पर जो कि कुल मिलाकर उचित मूल्य के माप के लिए महत्वपूर्ण है)

इस टिप्पणी में उचित मूल्य का निर्धारण करने की लेखा नीति का सार प्रस्तुत किया गया है। प्रकटीकरण से संबंधित अन्य उचित मूल्य को निम्नानुसार संबद्ध टिप्पणियों में दिया गया हैः

- महत्वपूर्ण प्राक्कलनों और अनुमानों के लिए प्रकटीकरण
- उचित मूल्य के माप पदक्रम का गुणात्मक प्रकटीकरण
- वित्तीय साधन (जिसमें अग्रेनीत आशोधन लागत भी शामिल है)

(vii) ग्राहकों के पास संविदाओं से राजस्व

राजस्व की पहचान संभव सीमा तक की जाती है ताकि कंपनी को आर्थिक लाभ प्राप्त हो और भुगतान किए जाने पर ध्यान दिए बिना राजस्व को विश्वसनीय रूप से आंका जा सकें। निम्नलिखित विशिष्ट मान्यता कसौटी की राजस्व की पहचान करने से पहले पूर्ति भी की जायेगीः–

माल/सेवा की बिक्री के संबंध में राजस्व

राजस्व की संभावित सीमा तक पहचान की जाती है जिससे निगम को आर्थिक लाभ होगा और राजस्व राशि को विश्वसनीय रूप से आंका जा सकेगा। राजस्व को सरकार की ओर से वसूल किए गए शुल्कों अथवा करों को छोड़कर तथा भुगतान की संविदाबद्धता युक्त निश्चित शर्तों को ध्यान में रखते हुए प्राप्त किये गये अथवा प्राप्ति योग्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर आंका जाता है।

माल की बिक्री/स्टॉक और बिक्री मदों के संबंध में राजस्व की अक्सर माल की सुपुर्दगी करते समय अथवा सुपुर्दगी का प्रमाण देते समय जब माल का नियंत्रण खरीददार के पास चला जाता है, उस समय अथवा बीजक तैयार करते समय पहचान की जाती है। माल की बिक्री से प्राप्त राजस्व राशि का प्राप्त किये गये अथवा प्राप्ति योग्य प्रतिफल के उचित मूल्य, निवल लाभ तथा भत्ते, व्यापार में छूट तथा भारी मात्रा में छूट के अनुसार आंकलन किया जाता है।

सेवा बिक्री के संबंध में राजस्व की बीजक तैयार करते समय अथवा अक्सर सेवा का प्रमाण प्रस्तुत करने पर खरीददार को सेवा पूरा करने के समय पर पहचान की जाती है। सेवा बिक्री से राजस्व को प्राप्त किए गए या प्राप्ति योग्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर मापा जाता है।

निगम, परियोजना की लागत पर निर्भर करते हुए समय–समय पर निर्धारित दर–श्रेणी पर परिचालन सीमांत राशि की पहचान करता है। अक्सर परिचालन सीमांत राशि की दरें परियोजना लागत के अनुपात में प्रतिकूल होती है अर्थात् परियोजना की लागत ज्यादा हो जाती है, परिचालन सीमांत राशि की दरें कम हो जाती है। परियोजना की लागत में वृद्धि होने के कारण परिचालन सीमांत राशि की दरों में उत्तरवर्ती कमी हो जाती है जिसका परियोजना समाप्त होने के समय पर अथवा वर्ष की समाप्ति पर तदनुरूपी क्रेडिट टिप्पणियाँ जारी करके लेखा–जोखा रखा जाता है। इस प्रकार जारी की गयी क्रेडिट टिप्पणियों को संबंधित आय शीर्ष से प्रस्तुत किया जाता है।

ब्याज आय

अन्य व्यापक आय के माध्यम से परिशोधित लागत पर या उचित मूल्य पर आंके गए सभी ऋण साधनों के लिए, ब्याज आय को प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) का उपयोग करके दर्ज किया जाता है। ईआईआर वह दर होती है जो वित्तीय देयता की परिशोधित लागत या वित्तीय परिसंपत्ति की सकल अग्रेनीत राशि के लिए यथा उपयुक्त वित्तीय साधनों या कम अवधि के लिए, अपेक्षित अवधि में प्राप्तियों या भविष्य में किए जाने वाले अनुमानित नकद भुगतान में उपयुक्त छूट देती है। प्रभावी ब्याज दर की गणना करते समय, कंपनी वित्तीय साधन (उदाहरण के लिए पूर्व भुगतान, विस्तार, मांग और इसी प्रकार के सदृश विकल्प) की सभी संविदात्मक शर्तों पर विचार करके अपेक्षित नकदी प्रवाह राशियों का प्राक्कलन लगाती है, परन्तु वह अपेक्षित क्रेडिट हानियों पर विचार नहीं करती है। ब्याज आय में लाभ और हानि के विवरण में दी गई वित्तीय आय भी शामिल होती है।

(viii) सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से अनुदान सहायता परियोजनाओं के लिए अग्रिम

निकसी ने सरकार के विभिन्न मंत्रालयों / विभागों से माल और सेवा की बिक्री के लिए अग्रिम राशि प्राप्त की। ये लेनदेन सत्ता के सामान्य व्यापारिक लेनदेन होते हैं। वित्तीय विवरणों में बताए गए मंत्रालयों से प्राप्त अग्रिम राशि को "अन्य चालू देयताओं" शीर्ष के अधीन "ग्राहकों से प्राप्त अनुदान सहायता", जो कि सामान्य व्यापारिक लेनदेन होते हैं, के रूप में अलग से दर्शाया गया है। इन अग्रिमों का उपयोग संबंधित परियोजनाओं के निष्पादन के प्रयोजनों के लिए किया जाता है और यदि संबंधित परियोजना के समाप्त होने पर, निकसी के पास शेष राशि उपलब्ध होती है, तो गारंटीकर्ता संस्थान को ब्याज (यदि कोई है) सहित उस राशि को लौटाया जाता है। सभी अनुदान सहायता राशियों को केवल परियोजनाओं के लिए प्राप्त किया जाता हैं।

निकसी हार्डवेयर / सॉफ्टवेयर की खरीद करने और जनशक्ति प्रदान करने की दिशा में सरकारी विभागों / संगठनों से विभिन्न आदेशों को कार्यान्वित करती है। वह इसके निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित दरों के अनुसार, समय – समय पर प्रत्येक आदेश की कुल लागत पर परिचालन सीमांत राशि लेती है। निकसी विभागों / संगठनों से अग्रिम राशि के रूप में उन आदेशों के लिए निधि प्राप्त करती है। निकसी द्वारा किसी अन्य प्रकार की सरकारी सहायता प्राप्त नहीं की जाती है, जिससे इसका सीधा लाभ मिलता है। निकसी को आर्थिक या गैर–आर्थिक परिसंपत्ति के लिए रियायती दर पर या निशुल्क कोई अनुदान राशि नहीं दी गई है।

निकसी मंत्रालयों/विभागों द्वारा प्राप्त अनुदान सहायता जारी करने के संबंध में प्रशासनिक अनुमोदनध मंजूरियों से संबंधित सभी निबंधन और शर्तों को पूरा करती है।

(ix) वस्तु–सूचियां

वस्तुसूचियों की लागत में वस्तुसूचियों को उनकी वर्तमान स्थिति तथा स्थान पर लाने में वहन की गई अन्य लागत, खरीद की सभी लागत, परिवर्तन लागत शामिल है। वस्तु सूची (जिसमें सॉफ्टवेयरों की वस्तु सूची भी शामिल है) की लागत पर या निवल वसूलनीय मूल्य पर, जो भी फस्ट – इन –फस्ट आउट (एफआईएफओ) की पद्धति के आधार पर कम हो, का मूल्य निर्धारित किया गया है। उपभोज्य भण्डार को नगण्य होने के नाते खरीद वर्ष में राजस्व के अंतर्गत प्रभारित किया गया है।

(x) सेवानिवृत्ति लाभ

एन आई सी के साथ की गयी व्यवस्था के अनुसार, छुट्टी वेतन व पेंशन अंशदान राशि की भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रतिशत के आधार पर संबंद्ध कर्मचारी के मूल वेतन और ग्रेड वेतन पर गणना की जाती है और उसे एन आई सी को प्रेषित किया जाता है। यह कम्पनी इन कर्मचारियों को कोई अन्य सेवानिवृत्ति लाभ अदा करने के लिए दायी नहीं है, जिन्हे भविष्य में पूरी तरह से एनआईसी द्वारा वहन किया जायेगा।

(xi) पूर्वावधि मदें

पूर्वावधि मदों में सत्ता की पूर्व अवधि के वित्तीय विवरणों में दिये गये गलत विवरण तथा चूक शामिल होती है, जिसमें तुलन पत्र का गलत वर्गीकरण करना भी शामिल है। भारतीय लेखांकन मानक–8 में प्रस्तुत पूर्व अवधि के लिए जिसमें गलतियाँ हुई हैं, तुलनात्मक राशियों का उल्लेख करके उनका पता लगाने के पश्चात् अनुमोदित वित्तीय विवरणों के पहले सेट में प्रभावी रूप से दर्शायी गयी पूर्वावधि त्रुटियों का परिशोधन करना अपेक्षित है। तथापि, ऐसा गलत विवरण अव्यवहार्य हो जाता है अर्थात् जब ऐसा करने का प्रत्येक उचित प्रयास करने के पश्चात् भी सत्ता उस पर लागू नहीं की जा सकती, तब भारतीय लेखांकन मानक में पूर्व अवधियों की तुलनात्मक मदों में ऐसी पूर्वावधि की मदों के बारे में पुनरू विवरण देने की अपेक्षा नहीं की जाती।

(xii) रिपोर्टिंग अवधि के बाद की घटनायें

प्रत्येक वर्ष में निगम रिपोर्टिंग अवधि के बाद रिपोर्टिंग अवधि से संबंधित कुछ व्यय बीजक की प्राप्ति करता है। रिपोर्टिंग अवधि से संबंधित व्यय बीजक को रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात् परन्तु प्रबंधन की अनुमोदित निश्चित तारीख से पहले अथवा निगम के निदेशक मंडल द्वारा लेखा परीक्षित विवरणों के अनुमोदन से पहले, निगम द्वारा प्राप्त किया जाता हैं जिनपर उनसे संबंधित रिपोर्टिंग अवधि में लेखा–जोखा रखा जाता है और रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात् समायोजन के रूप में उनपर विचार किया जाता है। ऐसे व्यय राशि से संबंधित बीजकों पर तदनुरूपी आय का उसी रिपोर्टिंग अवधि में लेखा–जोखा भी रखा जाता है। रिपोर्टिंग अवधि से संबंधित व्यय बीजक निगम द्वारा रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात् और यहाँ तक कि प्रबंधन की अनुमोदित निश्चित तारीख के बाद भी अथवा निगम के निदेशक मंडल द्वारा लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों का अनुमोदन मिलने के पश्चात् प्राप्त किये जाते हैं जिनको रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात् समायोजन न की जाने वाली घटनाओं के रूप में विचार किया जाता है और उनका उस रिपोर्टिंग अवधि में लेखा–जोखा रखा जाता है जिसमें वह प्राप्त होते हैं। तदनुरूपी आय का उस रिपोर्टिंग अवधि में लेखा–जोखा भी रखा जाता है जिसमें वह बीजक प्राप्त हुए हैं और उनका लेखा–जोखा रखा गया है।

(xiii) लीज्ड – एक पट्टेदार के रूप में

लीज्ड को परिचालन लीज्ड अथवा वित्तीय लीज्ड के रूप में उसकी प्रारंभिक तारीख पर वर्गीकृत किया जाता है। लीज्ड

को वित्तीय लीज्ड के रूप में वर्गीकृत किया गया है जो तत्पश्चात् कंपनी के स्वामित्व के लिए आकस्मिक रूप से होने वाले सभी जोखिमों और पुरस्कारों को स्थानांतरित करती है। वित्तीय लीज्ड को लीज्ड परिसंपत्ति के उचित मूल्य की प्रारंभिक तारीख पर अथवा मूल्य कम होने पर लीज्ड के न्यूनतम भुगतान के वर्तमान मूल्य पर पूंजीकृत किया जाता है। लीज्ड भुगतान को वित्तीय प्रभारों और लीज्ड देयता में कमी होने के बीच आनुपातिक किया जाता है ताकि देयता के शेष राशि पर ब्याज की सतत दर प्राप्त हो सके। वित्तीय प्रभारों की लाभ और हानि विवरण में वित्तीय लागतों के अंतर्गत पहचान की जाती है जब तक कि उन्हें सीधे ही उपयुक्त परिसंपत्ति प्राप्त न हो जाये, इस मामले में उन्हें उधार की लागतों पर कंपनी की सामान्य नीति के अनुसार पूंजीकृत किया जाता है। आकस्मिक किराए की उस अवधि में, जिस अवधि में वे व्यय किए गए है, व्यय के रूप में पहचान की जाती है।

लीज्ड परिसंपत्ति का परिसंपत्ति की उपयोगी अवधि पर मूल्यह्रास किया जाता है। तथापि, अगर कोई उचित निश्चितता नहीं है तो कंपनी पट्टे की अवधि के समाप्त होने तक स्वामित्व प्राप्त करेगी, परिसंपत्ति का परिसंपत्ति की अनुमानित अवधि और पट्टा की अवधि कम होने पर मूल्यह्रास किया जाता है।

परिचालन लीज्ड भुगतानों की लीज्ड अवधि समाप्त होने पर सीधे आधार पर लाभ और हानि विवरण में व्यय के रूप में पहचान की जाती है।

इसका निर्धारण करना कि क्या व्यवस्था की गई है (या उसमें शामिल है), तब लीज्ड के शुरू होने पर लीज्ड व्यवस्था पर आधारित होती है। व्यवस्था किए जाने अथवा उसमें शामिल किए जाने पर, व्यवस्था पूरी हो जाने की स्थिति में लीज्ड परिसंपत्ति अथा परिसंपत्तियों का इस्तेमाल करने पर निर्भर करती हैं और इस व्यवस्था में परिसंपत्ति अथवा परिसंपत्तियों का इस्तेमाल करने का अधिकार दिया जाता है, भले ही उस अधिकार का व्यवस्था में स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट न हो।

लीज्ड को शामिल करने वाली व्यवस्था का उस तारीख को उपलब्ध तथ्यों और परिस्थितियों के अनुसार भारतीय लेखांकन मानक को शुरू करने की तारीख को वित्तीय अथवा परिचालन लीज्ड के रूप में वर्गीकरण करने के लिए भारतीय लेखांकन मानक 101 प्रथम बार भारतीय लेखांकन मानक को अपनाने के अनुसार पारगमन की तारीख अर्थात 1 अप्रैल 2016 की स्थिति के अनुसार मूल्यांकन किया गया है।

(xiv) आयकर

चालू आयकर

चालू आयकर कर परिसंपत्तियों और देयताओं को कराधान प्राधिकारियों से वसूल की जाने वाली या भुगतान किए जाने के लिए अपेक्षित राशि पर मापा जाता है। राशि की गणना करने के लिए उपयोग की जाने वाली कर दरें और कर कानून दरें व कानून होता है, जिस पर उसे भारत में रिपोर्टिंग तारीख पर अधिनियमित या निश्चित रूप से अधिनियमित किया जाता है।

लाभ या हानि के बाहर मान्यता प्राप्त वस्तुओं से संबंधित चालू आयकर की लाभ या हानि (या तो अन्य व्यापक आय अथवा इक्विटी में) से बाहर पहचान की जाती है। प्रबंधन आवधिक रूप से कर रिटर्न में ली गई उन स्थितियों का मूल्यांकन करते हैं, जिन स्थितियों के संबंध में लागू कर विनियमों की व्याख्या की जा सकती है और वे प्रावधानों, जहां भी उपयुक्त हो, का मूल्यांकन करते हैं।

यदि इनका निपटान करने के लिए कोई कानूनी रूप से लागू अधिकार मौजूद है, तो चालू आयकर परिसंपत्तयों और देयताओं को आफसेट किया जाता है।

आस्थगित कर

आस्थगित कर का रिपोर्टिंग तारीख पर वित्तीय रिपोर्टिंग करने के उद्देश्य से उनकी राशि को प्रस्तुत करने तथा परिसंपत्तियों तथा देयताओं के कर आधार के बीच आने वाले अस्थायी अंतर के आधार पर देयता पद्धति का इस्तेमाल करके प्रावधान किया जाता है।

आस्थगित कर देयताओं की सभी कर योग्य अस्थायी अंतरों के लिए पहचान की जाती है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की सभी कटौती योग्य अस्थायी अंतरों के लिए, इस्तेमाल न की गयी कर जमा राशियों तथा किसी इस्तेमाल न की गयी कर हानियों को आगे ले जाने के लिए पहचान की गयी है। आस्थगित कर की उस संभव सीमा तक पहचान की गयी है जहाँ तक कर योग्य लाभ, कटौती करने योग्य अस्थायी अंतरों के मद्दे उपलब्ध होगा और इस्तेमाल न की गई कर जमा राशियों को आगे भेजने और इस्तेमाल न की गई कर जमा हानियों का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की अग्रेषित राशि की प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर समीक्षा की जाती है और उसकी उस सीमा तक कटौती की जाती है जहाँ तक कि वह लम्बी अवधि तक संभव न हो, क्योंकि पर्याप्त कर योग्य लाभ की सुविधा सभी अथवा सभी आस्थगित कर परिसंपत्तियों का इस्तेमाल करने के लिए उपलब्ध होगी । पहचान न की गयी आस्थगित कर परिसंपत्तियों का प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर पुनरू मूल्यांकन किया जाता है और उसकी संभव सीमा तक पहचान की जाती है जोकि भावी कर योग्य लाभ में आस्थगित कर परिसंपत्तियों की वसूली करने की अनुमति प्रदान करेंगी।

उन परिस्थितियों में, जहां पर कंपनी भारत में अधिनियमित आयकर अधिनियम, 1961 के तहत अवकाश की हकदार है वहां कर अवकाश की अवधि के दौरान प्रत्यावर्तित होने वाले अस्थायी अंतर के संबंध में किसी आस्थगित कर (परिसंपत्ति अथवा देयता) की पहचान नहीं की जाती है।

अस्थायी अंतर के संबंध में कर अवकाश की अवधि के बाद प्रत्यावर्तित होने वाले आस्थगित कर की उस वर्ष में पहचान की जाती है, जिस वर्ष में अस्थायी अंतर होते हैं।

तथापि, कंपनी आस्थगित कर परिसंपत्तियों की पहचान को उस उचित सीमा तक प्रतिबंधित करती है जिस सीमा तक पर्याप्त भावी कर योग्य आय उपलब्धं होगी, जिसके लिए ऐसी आस्थगित कर परिसंपत्तियों की वसूली की जा सकें।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों और देयताओं का उन कर दरों पर आंकलन किया जाता है जो उस वर्ष में लागू करने के लिए अपेक्षित हो, जब परिसंपत्तियाँ वसूल की जाती हैं अथवा देयता का रिपोर्टिंग तारीख पर अधिनियमित करने अथवा तत्पश्चात् अधिनियमित करने पर प्राप्त कर दरों (और कर कानून) के आधार पर देयता का निपटान किया जाता है।

लाभ अथवा हानि के बाहर पहचान की गयी मदों के संबंध में आस्थगित कर की लाभ अथवा हानि के बाहर (अन्य व्यापक आय में अथवा इक्विटी में) पहचान की जाती है । आस्थगित कर मदों की ओसीआई में अथवा सीधे ही इक्विटी में लेनदेन करने के संबंध में पहचान की जाती है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ तथा आस्थगित कर देयतायें ऑफसेट होती हैं यदि चालू कर देयताओं के मद्दे चालू कर परिसंपत्तियों को प्रस्तुत करने तथा सदृश्य कर योग्य सत्ता से संबंधित आस्थगित कर और सादृश्य कराधान प्राधिकार प्रस्तुत करने के लिए कानूनी रूप से लागू अधिकार मौजूद हो।

न्यूनतम वैकल्पिक कर

कर कानूनों के अनुसार प्रदत्त न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) जो भावी आयकर देयता का समायोजन करने के लिए

भावी आर्थिक लाभ प्रदान करता है, उसे पुख्ता साक्ष्य प्राप्त होने पर, एक संपत्ति के रूप में माना जाता है कि कंपनी सामान्य आयकर का भुगतान करेगी। तदनुसार, एमएटी की तुलन–पत्र में एक परिसंपत्ति के रूप में पहचान की जाती है जब यह संभव होता है कि इससे संबंधित भावी आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे।

(xv) गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर इस तथ्य का निर्धारण करती है कि क्या कोई ऐसा संकेत है कि परिसंपत्ति को हानि हो सकती है। यदि कोई संकेत मिलता है, या जब किसी परिसंपत्ति के लिए वार्षिक हानि परीक्षण करना अपेक्षित होता है, तो कंपनी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है। किसी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि परिसंपत्ति से अधिक हो जाती है अथवा या नकदी पैदा करने वाली इकाइयों (सीजीयू) का उचित मूल्य उसके प्रचलित मूल्य और निपटान की लागत से कम हो जाता है। संबंधित परिसंपतति के लिए वसूलनीय राशि का तब तक निर्धारण किया जाता है, जब तक कि अधिकांश स्वतंत्र रहने वाली अन्य परिसंपततियों अथा परिसंपततियों के ग्रुपों से परिसंपतति नकदी प्रवाह प्राप्त न कर लें। जब परिसंपत्ति अथवा सीजीयू की अग्रेनीत राशि उसकी वसूलनीय राशि से अधिक हो जाती है तो परिसंपतति की हानि हुई माना जाता है और उसे उसकी वसूलनीय राशि में पुरांकित (राइट डाउन) किया जाता है।

प्रचलित मूल्य का निर्धारण करते समय, अनुमानित भावी नकदी प्रवाह में कर पूर्व छूट दर का इस्तेमाल करके आने वाली उनकी वर्तमान मूल्य के अनुसार छूट दी जाती है जो कि परिसंपत्ति के विशिष्ट जोखिम और राशि मूल्य के चालू बाजार का आकलन करते हुए दिखलाई देती है। उचित मूल्य का निर्धारण करते समय, निपटान की कम लागत को, हाल ही के बाजार के लेनदेनों को खाते में लिया जाता है। यदि ऐसे किसी लेनदेनों की पहचान नहीं हो सकती है तो उपयुक्त मूल्यन मॉडल का इस्तेमाल किया जाता है। इन गणनाओं को सार्वजनिक रूप से व्यापार करने वाली कंपनियों अथवा अन्य उपलब्ध उचित मूल्य के संकेतकों के लिए उदधृत शेयर मूल्यों, मूल्यन को गुणा करके सह संबंधित किया जाता है।

अच्छी प्रतिष्ठा वाली परिसंपतति को छोड़कर, परिसंपत्तियों के लिए प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर यह निर्धारण किया जाता है कि क्या कोई ऐसे संकेत मिले है कि पहले पहचान की गई हानियां काफी लम्बे समय तक नहीं रहेंगी अथवा उसमें कमी आई है। यदि ऐसे संकेत मिलते है, तो कंपनी परिसंपत्ति या सीजीयू की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है। पहले पहचान की गई हानि को केवल उस स्थिति में बदला जाता है जब अंतिम हानि की पहचान होने तक परिसंपतति की वसूलनीय राशि का निर्धारण करने के अनुमान में कोई बदलाव होता है। प्रत्यावर्तन को सीमित किया जाता है ताकि परिसंपत्ति की अग्रेनीत राशि उसकी वसूलनीय राशि से अधिक न हो जाये और न ही निर्धारित अग्रेनीत राशि निवल मूल्यह्रास से अधिक हो जाये क्योंकि पूर्व वर्षों में परिसंपत्ति के लिए किसी हानि की पहचान नहीं की गई है। लाभ अथवा हानि विवरण में ऐसे किसी प्रत्यावर्तन राशि की पहचान नहीं की गई है जब तक कि परिसंपत्ति को पुनः मूल्यांकित राशि पर अग्रेषित न किया जाये, उस स्थिति में उसकी प्रत्यावर्तन राशि को पुनः मूल्यन में वृद्धि के रूप में माना जायेगा।

(xvi) वित्तीय परिसंपततियों की क्षति/अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान

व्यापार प्राप्तियों के संबंध में 5% की दर से प्रावधान किया जाता है जो कि तुलनपत्र की तारीख को तीन से अधिक वर्षों के लिए बकाया हैं।

(xvii) उपार्जन प्रति इक्विटी शेयर

मूल उपार्जन प्रति इक्विटी शेयर की निवल लाभ से विभाजन करके परिकलना की जाती है, जोकि वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयर की भारित औसत संख्या द्वारा कंपनी के इक्विटी धारकों को प्रभावित करती है। मध्यम उपार्जन

प्रति इक्विटी शेयर की निवल लाभ से विभाजन करके परिकलना की जाती है जोकि मूल उपार्जन प्रति इक्विटी शेयर को प्राप्त करने के लिए विचारित इक्विटी शेयर की भारित औसत संख्या द्वारा कंपनी के इक्विटी धारकों को प्रभावित करती है और जो सभी मध्यम संभावित इक्विटी शेयरों का परिवर्तन करने पर जारी किए जाने वाले इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या को भी प्रभावित करती है। मध्यम संभावित इक्विटी शेयरों का प्राप्त आय के लिए समयोजन किया जाता है जबकि इक्विटी शेयर वास्तव में उचित मूल्य पर जारी किए जाते हैं (अर्थात बकाया इक्विटी शेयरों के औसत बाजार मूल्य)। अवधि के शुरू में मध्यम संभावित इक्विटी शेयरों को परिवर्तित किया गया माना जाएगा जब तक कि बाद की तारीख में डाटा जारी ना कर दिया जाए। प्रत्येक प्रस्तुत अवधि के लिए मध्यम संभावित इक्विटी शेयर का स्वतंत्र रूप से निर्धारण किया जाता है।

सभी प्रस्तुत की गई अवधियों के लिए किसी शेयर भाग हेतु इक्विटी शेयरों की संख्या तथा संभावित मध्यम इक्विटी शेयरों का क्रमशः समायोजन किया जाता है और बोनस शेयर जारी किए जाते है जिसमें निदेशक मंडल द्वारा वित्तीय विवरणों का अनुमोदन प्राप्त करने से पहले प्रभावित होने वाले परिवर्तन भी शामिल हैं।

(xviii) प्रावधान और आकस्मिकता

तब प्रावधान किया जाता है जब किसी उद्यम के पास पिछली घटनाओं के परिणामस्वरुप वर्तमान बाध्यता होती है और यह संभावित होता है कि संसाधनों के बहिर्वाह को उन बाध्यताओं का निपटान करना अपेक्षित होगा, जिनके संबंध में विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है। दीर्धावधि प्रावधान को कटौती की गई दर को समायोजित करके उपयुक्त जोखिम पर उनके वर्तमान मूल्यों के अनुसार छूट दी जायेगी। अल्पावधि प्रावधानों को छूट देने की जरूरत नहीं है। प्रावधानों की तुलन पत्र की प्रत्येक तारीख को समीक्षा की जाती है और उनको चालू प्रबंधन अनुमानों को दर्शाने के लिए समायोजित किया जाता है। अनिवार्य बाध्यताओं के संबंध में प्रावधानों को सृजित करने की भी जरूरत होती है। तथापि, निगम के पास रिपोर्टिंग अवधि में कोई अनिवार्य बाध्यता नहीं है।

आकसमिक देयताओं का गत घटनाओं से उत्पन्न होने वाली संभव बाध्यताओं के बारे में प्रकटीकरण किया जाता है और उनकी मौजूदगी की कम्पनी के नियंत्रण में पूरी तरह से न आने वाली भावी घटनाओं के घटित अथवा घटित न होने पर ही पुष्टि की जायेगी।

(xix) नकदी और नकदी के समकक्ष राशियां

तुलनपत्र में नकदी और अल्पावधि जमा राशियों में बैंको में जमा नकदी तथा हस्तगत नकदी तथा तीन माह से अधिक या तीन माह से कम अवधि में परिपक्व होने वाली मूल सावधि जमा सहित अल्पावधि जमा राशि भी शामिल है, जिसमें मूल्य में परिवर्तन होने का महत्वपूर्ण जोखिम रहता है।

नकदी और नकदी के समकक्ष राशियों में बैंक ओवरड्राफ्ट भी शामिल है जोकि कंपनी के नकदी प्रबंधन का अभिन्न भाग है।

2.1 महत्तवपूर्ण लेखांकन अधिनिर्णय, प्राक्कलन और पूर्वानुमान

कंपनी के वित्तीय विवरणों को तैयार करते हुए प्रबंधन से यह अपेक्षा की जाती है कि वे राजस्व, व्यय, परिसंपत्ति तथा देयताओं तथा संलग्न प्रकटीकरण और वित्तीय विवरणों की तारीख पर आकस्मिक देयताओं को प्रकटीकरण करने की स्थिति को प्रभावित करने वाली स्थितियों का अधिनिर्णय, प्राक्कलन और पूर्वानुमान का सतत् रूप से मूल्यांकन करें और वह प्रबंधन के अनुभव तथा अन्य तथ्यों पर आधारित हो जिसमें भावी घटनाओं की अपेक्षायें शामिल होती हैं जोकि परिस्थितियों के अधीन उचित मानी जाती हैं। इनका पूर्वानुमान और प्राक्कलन अनिश्चित होने के कारण भावी अवधियों में प्रभावित देयताओं अथवा परिसंपत्तियों की अग्रेनीत राशियों में महत्तवपूर्ण समायोजन करने के लिए अपेक्षित परिणाम प्राप्त होता है।

विशेष रूप से, कंपनी ने उन क्षेत्रों की पहचान की है जहाँ महत्तवपूर्ण अधिनिर्णय, प्राक्कलन और पूर्वानुमान अपेक्षित है। इन प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित आगे की सूचना और वे विभिन्न लेखा नीतियों पर किस प्रकार प्रभाव डालते हैं, इसकी पद्धति को नीचे तथा वित्तीय विवरणों की संबंधित टिप्पणियों में भी वर्णित किया गया है। प्राक्कलन में परिवर्तनों का प्रत्याशित रूप से लेखा – जोखा भी रखा गया है।

अधिनिर्णय

कंपनी की लेखा नीतियों को लागू करते हुए प्रबंधन ने निम्नलिखित अधिनिर्णय दिए हैं जोकि वित्तीय विवरणों में पहचान की गयी राशियों को प्रभावित करने के लिए अत्यंत महत्तवपूर्ण हैं।

आकस्मिकताएं

आकस्मिक देयताएं कंपनी के विरूद्ध दावा करने तथा कानूनी, ठेकेदार, भूमि पहुंच तथा अन्य दावों से संबंधित कार्य व्यवसाय की सामान्य कार्य अवधि में उत्पन्न हो सकती है। स्वाभाविक रूप से आकस्मिकताओं को केवल तभी दूर किया जाएगा, जब एक या एक से अधिक अनिश्चित भावी घटनायें उत्पन्न हों या उत्पन्न न हों। आकस्मिकताओं की मौजूदा तथा संभावित प्रमात्रा के मूल्यांकन में भावी घटनाओं के परिणाम से संबंधित प्राक्कलन का इस्तेमाल करना तथा महत्तवपूर्ण अधिनिर्णय करना शामिल है।

प्राक्कलन और पूर्वानुमान

रिपोर्टिंग तारीख पर अनिश्चित प्राक्कलन के भावी व अन्य मुख्य स्त्रोतों से संबंधित मुख्य पूर्वानुमान को नीचे वर्णित किया गया है, जोकि अगले वित्तीय वर्ष के भीतर परिसंपत्तियों और देयताओं की राशि को आगे ले जाने के लिए सम्पूर्ण समायोजन के कारण उत्पन्न महत्तवपूर्ण जोखिम उपलब्ध कराती हो। कंपनी तब उसके पूर्वानुमान पर आधारित होती है और उपलब्ध परिधियों के आधार पर प्राक्कलन करती है जब समेकित वित्तीय विवरण तैयार किये जाते हैं। तथापि, भावी विकास प्रक्रियाओं के बारे में वर्तमान परिस्थितियों और पूर्वानुमान के कारण कंपनी के नियंत्रण से परे होने वाली परिस्थितियों अथवा बाजार में बदलाव आने के कारण यह परिवर्तन हो सकता है। ऐसे परिवर्तनों को उनके घटित होने पर पूर्वानुमान में दर्शाया गया है।

(क) गैर– वित्तीय परिसंपत्तियों की अशक्तता

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख पर यह मूल्यांकन करती है, चाहे इस तथ्य का यह संकेत हो कि परिसंपत्तियाँ अशक्त हो सकती हैं। यदि कोई संकेत मिल जाता है अथवा जब ऐसी परिसंपत्तियों के लिए वार्षिक अशक्तता परीक्षण करना जरूरी हो जाता है, तब कंपनी परिसंपत्तियों की वसूलनीय राशि का अनुमान लगाती है। परिसंपत्तियों की वसूलनीय राशि परिसंपत्तियों से अधिक हो जाती है अथवा सी जी यू का उचित मूल्य उसकी निपटान लागत और उसके प्रचलित मूल्य से कम हो जाता है। इसका पृथक परिसंपत्तियों के लिए निर्धारण किया जाता है जब तक कि परिसंपत्तियाँ नकदी प्रवाह राशि उत्पन्न ना कर दे य जो कि परिसंपत्तियों के वर्गों अथवा अन्य परिसंपत्तियों से बड़े पैमाने पर पूरी तरह से स्वतंत्र होती है। जहाँ परिसंपत्तियों अथवा सी जी यू की अग्रेषित राशि उसकी वसूलनीय राशि से अधिक हो जाती है वहां परिसंपत्तियों को अशक्त माना जाता है और उसे उसकी वसूलनीय राशि में रिटन डाउन किया जाता है।

प्रचलित मूल्य का मूल्यांकन करते समय, अनुमानित भावी नकदी प्रवाह राशि में कर पूर्व कटौती दर का इस्तेमाल करके उसके वर्तमान मूल्य के अनुसार कटौती की जाती है, जिसे परिसंपत्तियों के लिए निर्दिष्ट जोखिम तथा राशि के समय मूल्य के अनुसार चालू बाजार मूल्यांकन प्रक्रिया में प्रतिबिम्बित किया गया है। निपटान की कम लागत, उचित मूल्य का निर्धारण करते समय वर्तमान बाजार लेनदेनों का लेखा–जोखा रखा जाता है। यदि ऐसे किसी लेनदेनों की पहचान नहीं की जाती है तो उपयुक्त मूल्यन मॉडल का इस्तेमाल किया जाता है। इन गणनाओं में गुणनात्मक मूल्यन, अन्य उपलब्ध उचित मूल्य के संकेत को अथवा सार्वजनिक रूप से व्यापार करने वाली सहायक कंपनियों के लिए उद्घृत

शेयर मूल्यों को शामिल किया गया है।

(ख) वित्तीय उपस्करों का उचित मूल्य आंकलन

जब तुलन पत्र में रिकॉर्ड की गयी वित्तीय परिसंपत्तियों तथा वित्तीय देयताओं का सक्रिय बाजार में उद्घृत मूल्यों के आध ाार पर मापा नहीं जा सकता, तब डीसीआईएल मॉडल सहित मूल्यन प्रविधियों का इस्तेमाल करके उनके उचित मूल्य का आंकलन किया जाता है। इन मॉडलों इनपुट को अवलोकनीय बाजार से संभव होने पर लिया जाता है, परन्तु जहाँ यह व्यवहार्य नहीं हैं वहां उचित मूल्य को स्थापित करने में स्तरीय अधिनिर्णय अपेक्षित होता है । अधिनिर्णय में इनपुट का प्रतिफल जैसे लिक्विडिटी का जोखिम, जमा जोखिम और अस्थिरता शामिल हैं। इन तथ्यों के बारे में पूर्वानुमान में होने वाले परिवर्तनों से वित्तीय उपस्करों से रिपोर्ट किये गए उचित मूल्य पर प्रभाव पड़ेगा।

(ग) वित्तीय परिसंपत्तियों की अशक्तता

वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए अशक्तता प्रावधान चूक के जोखिम और प्रत्याशित हानि की दरों के बारे में पूर्वानुमान पर आधारित होते हैं। कंपनी अशक्तता गणना से संबंधित इनपुट का चयन करने और इन पूर्वानुमान के बारे में अधिनिर्णय का इस्तेमाल करती है जो कि कंपनी के पिछले इतिहास, वर्तमान बाजार की स्थितियों तथा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर प्राक्कलन का अवलोकन करने पर आधारित होती हैं।

अस्थगित कर परिसंपत्तियों की पहचान – जिस सीमा तक अस्थगित कर परिसंपत्तियों की पहचान की जा सकती है वे भावी कर योग्य आय की संभावना का निधार्रण करने पर आधारित है, जिसके लिए आस्थगित कर परिसंपत्तियों का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

2.2 हाल ही में भारतीय लेखांकन मानक 116 लेखा की घोषणा

30 मार्च 2019 को निगमित कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने कंपनीज (भारतीय लेखा मानक) संशोधन नियमावली 2019 के अधीन भारतीय लेखांकन मानक 116 लीज्ड अधिसूचित की है जो कि 1 अप्रैल 2019 से लागू है। दोनों पार्टियों के लिए अर्थात पट्टेदार और पट्टेदाता के लिए संविदा हेतु, लीज्ड को प्रकटीकरण करने, उसकी पहचान, मापन, प्रस्तुतिकरण करने के लिए भारतीय लेखांकन मानक 116 में सिद्धांत निर्धारित किए गए हैं। भारतीय लेखांकन मानक 116 में पट्टेदार के लिए एकल लीज्ड लेखांकन मॉडल को प्रस्तुत किया गया है और पट्टेदार से यह अपेक्षा की जाती है कि वह बारह माह से अधिक अवधि वाली सभी लीज्ड के लिए परिसंपत्तियों और लीज्ड देयताओं का इस्तेमाल करने के अधिकार की जब तक पहचान करे, जब तक कि असामयिक परिसंपत्तियां संभावतरू कम मूल्य की ना हो। इस समय परिचालन लीज्ड व्यय राशियों को आय और व्यय लेखाओं में प्रभारित किया जाता है। भारतीय लेखांकन मानक 116 को पर्याप्त रूप से भारतीय लेखांकन मानक 17 में दी गई पट्टेदार की लेखांकन अपेक्षाओं में अग्रेनीत किया गया हैं।

भारतीय लेखांकन मानक 116 के अनुसार पट्टेदार को परिसंपत्तियों का इस्तेमाल करने के अधिकार पर मूल्यह्रास और आय और व्यय लेखाओं में लीज्ड देयताओं के संबंध में वित्तीय लागतों की पहचान करने की आवश्यकता होती है। लीज्ड व्यवस्था के अंतर्गत पट्टेदार द्वारा किए गए लीज्ड भुगतान का एतदद्वारा लीज्ड देयताओं के लिए समायोजन किया जाएगा। इस समय, कंपनी भारतीय लेखांकन मानक 116 का कार्यान्वयन करने के कारण पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन कर रही है, जिससे आय और हानि तथा तुलनपत्र पर अपर्याप्त प्रभाव पड़ेगा।

3 – संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर

₹ लाखो में

	भवन	संयंत्र और उपस्कर	फर्नीचर और उपकरण	वाहन	कार्यालय उपस्कर	कंप्यूटर	योग
लागत							
01 अप्रैल 2017 की स्थिति के अनुसार	1,985.85	147.37	561.88	7.02	2,268.91	6,589.97	11,561.01
आवर्धन	-	126.43	3.09	-	1,443.69	480.57	2,053.78
निपटान	-	-	1.27	-	9.17	130.11	140.55
31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार	**1,985.85**	**273.80**	**563.70**	**7.02**	**3,703.43**	**6,940.44**	**13,474.23**
आवर्धन	-	-	1,028.01	-	339.72	77.83	1,445.56
निपटान	-	-	-	-	18.35	88.72	107.07
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	**1,985.85**	**273.80**	**1,591.71**	**7.02**	**4,024.80**	**6,929.55**	**14,812.72**
मूल्यह्रास 01 अप्रैल 2017 की स्थिति के अनुसार	962.58	119.77	437.92	5.90	1,499.89	3,901.48	6,927.55
वर्ष के लिए मूल्यह्रास प्रभार	50.06	82.37	34.30	0.37	473.93	300.36	941.41
अशक्त हानि	-	-	-	-	-	-	-
निपटान	-	-	1.21	-	8.79	126.19	136.19
31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार	**1,012.65**	**202.14**	**471.01**	**6.27**	**1,965.03**	**4,075.65**	**7,732.76**
वर्ष के लिए मूल्यह्रास प्रभार	47.61	51.13	288.55	0.25	720.61	212.76	1,320.91
पूर्व वर्षों के लिए मूल्यह्रास (टिप्पणी संख्या 52 देखें)			455.22				455.22
अशक्तता हानि	-	-	-	-	-	-	-
निपटान	-	-	-	-	17.44	84.54	101.98
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	1,060.26	253.27	1,214.79	6.52	2,668.20	4,203.87	9,406.92
निवल बही मूल्य							
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	925.60	20.52	376.92	0.50	1,356.59	2,725.67	5,405.80
31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार	973.21	71.65	92.69	0.75	1,738.39	2,864.78	5,741.47

4 – अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियाँ

₹ लाखो में

विवरण	सॉफ्टवेयर	योग
लागत		
01 अप्रैल 2017 की स्थिति के अनुसार	4,064.34	4,064.34
आवर्धन	3,674.45	3,674.45
निपटान	-	-
31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार	**7,738.80**	**7,738.80**
आवर्धन	7,136.90	7,136.90
निपटान	**-**	**-**
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	14,875.70	14,875.70
परिशोधन		
01 अप्रैल 2017 की स्थिति के अनुसार	965.77	965.77
वर्ष के लिए परिशोधन प्रभार	3,079.34	3,079.34
अरात्कता हानि	**-**	**-**
निपटान	-	-
31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार	**4,045.12**	**4,045.12**
वर्ष के लिए परिशोधन प्रभार	3,765.53	3,765.53
अशक्तता हानि	-	-
निपटान	-	-
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	**7,810.65**	**7,810.65**
निवल बही मूल्य		
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	7,065.05	7,065.05
31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार	3,693.68	3,693.68

5 – ऋण

₹ लाखो में

विवरण	गैर चालू	
	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
प्रतिभूति जमा		
अप्रतिभूति जिन्हें अच्छा समझा गया	728.42	686.16
योग	**728.42**	**686.16**

टिप्पणीः गैर चालू प्रतिभूति जमा 10.85% प्रति वर्ष की कर पूर्व कटौती दर का इस्तेमाल करके उनके वर्तमान मूल्य के अनुसार कटौती की गयी है।

6 – अन्य वित्तीय परिसंपत्ति

₹ लाखो में

विवरण	गैर चालू	
	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
सावधि जमा		
सावधि जमा की परिवक्तता जिनकी अवधि 12 माह से अधिक की है*	291.60	291.60
सावधि जमा पर प्रोदभूत ब्याज		
प्रोदभूत ब्याज	33.46	31.02
योग	**325.06**	**322.62**

***बैंक गारंटी के मद्दे बंधक सावधि जमा**

7 – आयकर

वर्ष के लिए आयकर व्यय के मुख्य संघटक निम्नानुसार हैं:

क. आय व व्यय लेखा:

₹ लाखो में

सं.	विवरण	31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष	31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष
	(i) लाभ और हानि अनुभाग		
	चालू आयकर प्रभार	752.37	2,268.01
	पूर्व वर्ष के चालू आयकर के संबंध में समायोजन	1,646.55	54.51
	आस्थगित कर:		
	अस्थायी अंतरों के प्रतिकूल और मूल के संबंध में	(3,662.45)	(361.69)
	लाभ और हानि के विवरण में सूचित किये गये आयकर व्यय	(1,263.53)	1,960.83
(ii)	**(ओसीआई) अन्य व्यापक आय अनुभाग**		
	वर्ष के दौरान ओसीआई में पहचान की गयी मदों के सम्बन्ध में आस्थगित कर	-	-
	योग	**(1,263.53)**	**1,960.83**

(ख) 31 मार्च 2018 और 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए भारत की घरेलू कर दर के द्वारा गुणा करके आने वाले लेखा लाभ और व्यय का मिलान:

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष	31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष
सतत् परिचालन कार्यों से प्राप्त कर से पहले लेखा लाभ	(9,786.87)	5,065.10
बंद हो गए परिचालन से कर से पहले लाभ	-	-
आयकर से पहले लेखा लाभ	**(9,786.87)**	**5,065.10**
34.944% पर भारत की सांविधिक आयकर दर (31 मार्च 2018 रू 34.608%)	(3,419.93)	1,752.93
पूर्व वर्षों की चालू आयकर के संबंध में समायोजन	1,646.55	54.51
कर से छूट सरकारी अनुदान	-	-

आय से छूट	-	-
कर उद्देश्यों से कटौती न किये जाने वाले व्यय	509.85	153.39
12.91% की प्रभावी आयकर दर पर (31 मार्च 2018: 37.34%)	**(1,263.53)**	**1,960.83**
लाभ और हानि विवरण में सूचित किये गये आयकर व्यय	(1,263.53)	1,960.83
व्यय बंद किए गए परिचालन से प्राप्त आयकर	-	-
योग	**(1,263.53)**	**1,960.83**

(ग) आस्थगित कर

निम्नलिखित से संबंधित आस्थगित कर **₹ लाखो में**

विवरण	तुलन पत्र		आय और व्यय का विवरण	
	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	**31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार**	**31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष**	**31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष**
कर उददेश्यों से वृद्धि किया गया मूल्यह्रास	(20.10)	(324.90)	(304.80)	(354.32)
संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	3,455.43	104.32	(3,351.11)	0.63
कर्मचारियों के लाभों के लिए प्रावधान	-	-	-	
प्रतिभूति जमा का वर्तमान मूल्यन(परिसंपत्तियाँ)	81.51	74.96	(6.55)	8.00
आस्थगित कर व्यय / (आय)			**(3,662.45)**	**(345.69)**
निवल आस्थगित कर संपत्तियां/ (देयताएं)	**3,516.83**	**(145.62)**		

निम्नानुसार तुलनपत्र में दर्शाया गया :

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (सतत परिचालन)	3,536.93	179.28
आस्थगित कर देयतायें (सतत परिचालन)	20.10	324.90
आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (देयतायें), निवल	**3,516.83**	**(145.62)**

8 – अन्य गैर चालू परिसंपत्तियाँ

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
आस्थगित लीज्ड व्यय	640.41	711.25
पूर्तिकारों को अग्रिम	1,010.07	1,828.74
योग	**1,650.48**	**2,539.99**

9 – व्यापार प्राप्तियाँ

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
अप्रतिभूत , जिन्हें अच्छा समझा गया	17,398.08	28,835.15
अप्रतिभूत, जिन्हें संदिग्ध समझा गया	9,889.60	301.43
घटायें: संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान*	(9,889.60)	(301.43)
योग	**17,398.08**	**28,835.15**

*वित्तीय वर्ष 2017–18 की 3,01,43,419/– रूपये की संदिग्ध ऋणों की राशि हेतु प्रावधान को वित्तीय वर्ष 2018–19 में प्रत्यावर्तित किया गया है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान 5% की दर, जिसके संबंध में तुलनपत्र की तारीख को 3 वर्षों से भी अधिक वर्षों के लिए बकाया राशि उपलब्ध है, से करने के बजाय समिति की सिफारिशों के अनुसार किया गया है 1 कृपया टिप्पणी संख्या 53 देखें ।

10 – नकदी व नकदी समकक्ष

₹ लाखो में

विवरण	चालू संपत्तियाँ	
	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
बैंक में शेष		
बचत खाता	28,395.00	13,294.98
अन्य		
अग्रदाय खाता	0.50	0.07
सावधि जमा (3 माह से कम की परिवक्तता अवधि वाली)	34,282.92	27,003.15
योग	**62,678.42**	**40,298.20**

11 – अन्य बैंक शेष राशियां

₹ लाखो में

विवरण	चालू संपत्तियां	
	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
सावधि जमा*	83,073.38	112,975.19
बैंक गारंटी के लिए बंधक रखी गई सावधि जमा	4,276.79	1,749.18
योग	**87,350.17**	**114,724.37**

12 – अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां

₹ लाखो में

विवरण	चालू संपत्तियां	
	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
सावधि जमा पर प्रोद्भूत ब्याज		
प्रोद्भूत ब्याज	4,612.61	3,923.41
योग	**4,612.61**	**3,923.41**

13 – चालू कर परिसंपत्तियाँ (निवल)

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
प्रदत्त आयकर (10,454.36 लाख रूपये का निवल प्रावधान) (पूर्व वर्ष 9701.99 लाख रूपये)	15,680.86	11,164.64
घटाएं: –		
आयकर हेतु प्रावधान (वापसी राशि, जो प्राप्त नहीं की गई)	(1,646.55)	-
लेखा संख्या 59 की टिप्पणियां देखे		
योग	**14,034.31**	**11,164.64**

14 – अन्य चालू परिसंपत्तियां

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
कर्मचारियों को अग्रिम		
अप्रतिभूत, जिन्हें अच्छा समझा गया	36.11	31.19
योग (क)	**36.11**	**31.19**
अन्य अग्रिम		
अप्रतिभूत, जिन्हें अच्छा समझा गया		
अग्रिम राशियों और अन्य पर जीएसटी	20,066.86	19,271.52
पूर्व प्रदत्त व्यय	336.28	318.98
वसूलनीय कर*	3.21	120.04
योग (ख)	**20,406.35**	**19,710.54**
पूर्तिकार को अग्रिम	**5,217.21**	**8,205.39**
घटाएं: –		
पूर्तिकारों को अग्रिम हेतु प्रावधान (समायोजितधनिपटान नहीं की गई)	**1,712.20**	**-**
(लेखा संख्या 59 की टिप्पणियां देखें)		
योग (ग)	**3,505.01**	**8,205.39**
कुल योग (क+ख+ग)	**23,947.46**	**27,947.12**

* वसूलनीय कर का ब्यौरा

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
बिक्री कर / वसूलनीय डीवीएटी(1996–97 से 2013–14)	120.71	117.70
कार्य संविदा 2000–2001 पर टीडीएस	2.54	2.34
घटाएं :–		
बिक्री कर/वेट के लिए प्रावधान	**117.70**	**-**
WCT पर टी डी एस के लिए प्रावधान (लेखा संख्या 59 की टिप्पणियां देखे)	**2.34**	**-**
योग	**3.21**	**120.04**

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों की महत्तवपूर्ण लेखांकन नीतियां और टिप्पणियां

15 – इक्विटी शेयर पूंजी:

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019, की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार
प्राधिकृत शेयर पूंजी		
100/–रूपये प्रत्येक के इक्विटी शेयर 200,000 (पूर्व वर्ष 200,000)	200.00	200.00
निगमित, अभिदत्त और पूर्णतया प्रदत्त शेयर		
100/– रूपये प्रत्येक के इक्विटी शेयर 200,000 (पूर्व वर्ष 200,000)	200.00	200.00
योग	**200.00**	**200.00**

क) शेयरधारकों की सूचना' :

₹ लाखो में

शेयरधारकों के नाम	31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार	
	धारित इक्विटी शेयरों की संख्या	प्रतिशत (%)	धारित इक्विटी शेयरों की संख्या	प्रतिशत (%)
महानिदेशक, एनआईसी के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति	1,99,995	99.9975	1,99,995	99.9975
श्री श्याम बिहारी सिंह	1	0.0005	1	0.0005
श्री नागेश शास्त्री	1	0.0005	-	-
डॉ. दीपक चन्द्र मिश्रा	1	0.0005	-	-
श्री संजय सिंह गहलौत	-	-	1	0.0005
डॉ अम्बरीष कुमार	-	-	1	0.0005
श्री विष्णु चन्द्रा	1	0.0005	1	0.0005
श्री आर.एस.मणि	1	0.0005	1	0.0005
योग	**2,00,000**	**100**	**2,00,000**	**100**

* भारत सरकार की ओर से धारित

(ख) रिपोर्टिंग वर्ष के शुरू और समाप्ति पर बकाया प्रदत्त शेयरों का मिलानः

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार	
	संख्या	रूपये	संख्या	रूपये
वर्ष के शुरू में बकाया शेयर	200,000.00	200.00	200,000.00	200.00
जोड़े :– वर्ष के दौरान जारी किए गए शेयर	-	-	-	-
वर्ष की समाप्ति पर बकाया शेयर	200,000.00	200.00	200,000.00	200.00

ग) इक्विटी शेयरों से जुड़े हुए अधिकार, वरीयता और प्रतिबंध :

कंपनी के पास एक श्रेणी के इक्विटी शेयर हैं जिसका समतुल्य मूल्य 100/–रूपये प्रति शेयर है। इक्विटी शेयरों का प्रत्येक धारक प्रति शेयर एक मत देने का पात्र है।

घ) 31 मार्च 2019 से तत्काल पहले 5 वर्षों की अवधि में न तो कोई बोनस शेयर जारी किया गया और न ही नकदी के अलावा प्रतिफल हेतु कोई शेयर आवंटित किया गया। इसके अलावा, उक्त अवधि के दौरान कोई शेयर वापिस नहीं लौटाया गया।

16 – अन्य इक्विटी :

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
प्रारंभिक शेष आय व लेखा के अनुसार अधिशेष	63,682.41	60,578.14
पूर्वावधि त्रुटि का प्रभाव		
एनकेएन के अलावा जीआईए परियोजना से संबंधित ब्याज (टिप्पणी संख्या 50 देखें।)	(3,351.27)	-
जीआईए परियोजना एनकेएन से संबंधित ब्याज (टिप्पणी संख्या 50 देखें।)	(1,414.74)	-
पूर्व वर्षों के लिए मूल्यह्रास (टिप्पणी संख्या 52 देखें।)	(455.22)	
पुनः प्रस्तुत प्रारंभिक शेष राशि	**58,461.18**	**60,578.14**
जोड़े – वर्ष के लिए अधिशेष	(8,523.35)	3,104.27
योग	**49,937.83**	**63,682.41**

17 – अन्य वित्तीय देयताएं

₹ लाखो में

विवरण	गैर–चालू	
	31 मार्च 2019 की की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
देय प्रतिभूति जमा	40.45	40.45
योग	**40.45**	**40.45**

18 – व्यापार प्राप्तियां

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
व्यापार प्राप्तियां		
सूक्ष्म और लधु उदयमों के कारण	466.66	-
सूक्ष्म और लधु उदयमों के अलावा	34,465.51	47,192.00
योग	**34,932.17**	**47,192.00**

19 – अन्य वित्तीय देयतायें

₹ लाखो में

विवरण	चालू	
	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
देय बयाना जमा राशि	931.11	921.36
देय कर्मचारी लाभ	274.45	147.57
देय व्यय	19.00	9.87
प्रतिधारण राशि* (निष्पादन बैंक गारंटी)	242.38	242.37
योग	**1,466.94**	**1,321.17**

टिप्पणी संख्या 20 – अन्य चालू देयतायें

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
सांविधिक देय राशि और कर	413.85	1,992.35
ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम राशि	111,852.71	115,804.50
ग्राहकों से प्राप्त अनुदान सहायता	29,518.24	9,225.79
निगमित सामाजिक जिम्मेदारियां	276.00	198.00
योग	**142,060.79**	**127,220.64**

टिप्पणी संख्या 21 – प्रावधान

₹ लाखो में

विवरण	चालू	
	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
स्टांप शुल्क हेतु प्रावधान	74.52	74.52
योग	**74.52**	**74.52**

टिप्पणी संख्या 22 – परिचालन से राजस्व

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष
परिचालन से प्राप्त राजस्व		
व्यापार हेतु माल की बिक्री	19,433.70	38,476.45
सेवा आय	95,479.47	87,352.48
योग (क)	**114,913.17**	**125,828.93**
प्रशासनिक प्रभार	39.66	7.43
योग (ख)	**39.66**	**7.43**
परिचालनों से प्राप्त कुल राजस्व (क)+(ख)	**114,952.84**	**125,836.36**

टिप्पणी संख्या 23 – अन्य आय

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष
ब्याज की आय	**9,094.45**	**8,285.60**
अन्य गैर परिचालन आय	598.77	250.56
घटाएं :–		
अनुदान सहायता परियोजनाओं पर ब्याज (एनकेएन के अलावा)	587.22	428.48
एनकेएन परियोजनाओं पर ब्याज (अनुदान सहायता)	77.45	349.23
प्रतिभूति जमा राशियों पर छूट देना	51.96	47.28
वित्तीय परिसंपततियों की पहचान न होने पर लाभ	-	0.63
योग	**9,080.50**	**7,806.36**

*आयकर की वापसी पर ब्याज के संबध में 120.69 लाख रुपये (पूर्व वर्ष शून्य रुपये) शामिल है।

टिप्पणी संख्या 24 – खरीद

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष
खरीद–		
हार्डवेयर	17,145.55	34,239.03
साफ्टवेयर	1,188.97	2,644.47
जिला अवसंरचना का फैलाव	5,804.99	2,687.53
योग	**24,139.51**	**39,571.03**

टिप्पणी संख्या 25 – कर्मचारी के हितों संबंधी व्यय

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष
वेतन व प्रोत्साहन	1057.11	794.41
स्टाफ कल्याण	35.52	34.43
योग	1092.63	828.84

टिप्पणी संख्या 26 – अन्य व्यय

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष
लेखा परीक्षा शुल्क	7.22	7.22
बैंक प्रभार	4.29	13.14
बोर्ड बैठक की व्यय राशि	0.20	0.34
पुस्तकें व पत्रिकाएं	14.94	10.05
व्यापार संवर्धन	8.22	-
कॉल सेंटर प्रभार	-	-
जीएसटी (गैर परिवर्तनीय)	28.42	22.23
कांफ्रेस सेमिनारध्कार्यशाला व्यय	133.99	68.22
उपभोज्य भंडार	41.14	43.56
सवारी व्यय	7.71	4.79
निगमित सामाजिक जिम्मेदारियां व्यय '	176.00	198.00
डीजी सेट के लिए डीजल	2.29	4.69
संदिग्ध ऋण	9,588.17	-
बिजली और जल प्रभार	561.75	613.92
विदेशी मुद्रा में अंतर	-	0.38
भाड़ा प्रभार	7.04	-
गृह व्यवस्था व सफाई प्रभार	327.70	291.05
गृह लीज्ड प्रभार	4.37	7.24
आंतरिक लेखा–परीक्षा शुल्क	0.25	0.60
कृषि कल्याण उपकर व्यय एवं स्वच्छ भारत कर(गैर परिवर्तनीय)	1.28	613.74
सदस्यता व अभिदान प्रभार	1.43	1.01
विविध व्यय	7.43	13.31
समाचार पत्र	0.95	0.86
कार्यालय व्यय	1,804.48	1,289.18
कार्यालय किराया	2,186.94	2,585.51
मुद्रण व लेखन सामग्री	6.98	9.22
व्यावसायिक व परामर्शदायी प्रभार	220.83	234.56

डीटीएच के लिए किराया	0.45	0.45
किराया दर तथा कर	9.94	4.27
मरम्मत व रखरखाव	597.97	385.88
सेवा कर (गैर परिवर्तनीय)	30.49	222.37
टैक्सी भाड़ा प्रभार	273.37	328.60
टेलीफोन व्यय	42.72	52.31
यात्रा व्यय	315.92	348.48
वाहन – पैट्रोल	1.69	1.45
वाहन का रखरखाव	-	0.42
पूर्तिकारों हेतु अग्रिम (असमायोजितधनिपटान न किया गया)	1,712.20	-
बिक्री करध्वैट हेतु प्रावधान	117.70	-
डब्ल्यूसीटी पर टीडीएस हेतु प्रावधान	2.34	-
योग	**18,248.79**	**7,377.05**

बिजली, और जल प्रभार तथा गृह व्यवस्था तथा सफाई प्रभारों के लिए शीर्ष के अधीन आंकडों को निवल प्रतिपूर्ति के बाद दर्शाया गया है।

टिप्पणी संख्या 27 – प्रत्येक शेयर का उपार्जन

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष
प्रति शेयर उपार्जन		
इक्विटी शेयरधारकों को प्रभावित करने वाला अधिशेष	(8,523.35)	3,104.27
इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या	2.00	2.00
मूल उपार्जन प्रति शेयर	**(4,261.67)**	**1,552.13**
कम उपार्जन प्रति शेयर	**(4,261.67)**	**1,552.13**
अंकित मूल्य प्रति शेयर	100.00	100.00

टिप्पणी संख्या 28 – उचित मूल्य मापन

(i) श्रेणी में वित्तीय उपकरण

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार		31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार	
	एफवीटीपीएल	परिशोधित लागत	एफवीटीपीएल	परिशोधित लागत
वित्तीय परिसंपत्तियाँ				
व्यापार प्राप्ति योग्य राशियाँ	-	17,398.08	-	28,835.15
नकदी और नकदी समकक्ष राशियाँ	-	62,678.42	-	40,298.20
अन्य बैंक शेष राशियां	-	87,350.17	-	114,724.37
प्रोदभूत ब्याज (चालू)	-	4,612.61	-	3,923.41
प्रतिभूति जमा	-	728.42	-	686.16
सावधि जमा	-	291.60	-	291.60
प्रोदभूत ब्याज(गैर चालू)	-	33.46	-	31.02
कुल वित्तीय परिसंपत्तियाँ	**-**	**173,092.75**	**-**	**188,789.92**
वित्तीय देयतायें				
व्यापार देय राशियाँ	-	34,932.17	-	47,192.00
अन्य वित्तीय देयतायें (चालू)	-	1,466.94	-	1,321.17
अन्य वित्तीय देयतायें (गैर चालू)	-	40.45	-	40.45
कुल वित्तीय देयतायें	**-**	**36,439.55**	**-**	**48,553.62**

(ii) उचित मूल्य की क्रमबद्धता

सभी वित्तीय साधनों जिसके लिए उचित मूल्य की पहचान की गयी है अथवा उनका प्रकटीकरण किया गया है उनको उचित मूल्य के क्रमबद्धता के भीतर वर्गीकृत किया गया है:

स्तर–1: सदृश्य परिसंपत्तियाँ अथवा देयताओं के लिए सक्रिय बाजारों में मूल्य उदधृत (असमायोजित)।

स्तर–2: मूल्यन प्रविधियाँ जिसके लिए उचित मूल्य मापन के अनुसार महत्तवपूर्ण प्रभाव रखने वाले निम्न स्तर के इनपुट को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से देखा गया है।

स्तर–3: मूल्यन प्रविधियाँ जिसके लिए उचित मूल्य मापन के अनुसार महत्तवपूर्ण प्रभाव रखने वाले निम्न स्तर के इनपुट अवलोकनीय बाजार डाटा पर आधारित नहीं है।

निम्नलिखित सारणी में, जिसमें उचित मूल्य का उनके अग्रेनीत मूल्य से अनुमान लग जाता है, उनको छोड़कर कंपनी की परिसंपत्तियां और देयताओं की उचित मूल्य मापन की क्रमबद्धता का प्रावधान किया गया है।

वर्ष के दौरान स्तर 1, स्तर 2 और स्तर 3 के बीच कोई स्थानांतरण नहीं किया गया है।

नकदी और नकदी समकक्ष राशियों, व्यापार प्राप्तियां, योग्य राशियां, अन्य प्राप्तियाँ, अल्पावधि उधार, व्यापार देय राशियां तथा अन्य चालू वित्तीय देयताओं के लिए प्रबंधन यह निर्धारण करता है कि इन साधनों की अल्पावधि परिपक्वता के कारण बड़े पैमाने पर आगे ले जाई गयी राशियों का उनके उचित मूल्य में अनुमान लगाया जाता है।

कंपनी की दीर्घवधि ब्याज रहित प्रतिभूति जमा के उचित मूल्य का निर्धारण कटौती दर का इस्तेमाल करके कटौती की गयी नकदी प्रवाह (डीसीएफ) पद्धति को लागू करके निर्धारण किया जाता है जिसमें रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बाजार की उधार दर को दर्शाया जाता है। इन्हें प्रति पार्टी क्रेडिट जोखिम को शामिल करके अवलोकन न किये जाने वाले इनपुट को न जोड़ने के कारण उचित मूल्य की क्रमबद्धता में स्तर 3 के उचित मूल्यों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

29. वित्तीय जोखिम प्रबंधन उद्देश्य और नीतियाँ

कंपनी के मुख्य वित्तीय देयताओं में व्यापार देय राशियाँ, प्रतिभूति जमा, बयाना जमा राशि तथा कर्मचारी की देयतायें शामिल हैं। कंपनी की मूल वित्तीय परिसम्पत्तियों में व्यापार प्राप्तियाँ, प्रतिभूति जमा, सावधि जमा, उनके परिचालन से सीधे ही प्राप्त होने वाली नकदी और बैंक शेष राशियाँ शामिल हैं।

कंपनी बाजार जोखिम, क्रेडिट जोखिम तथा लिक्विडिटी जोखिम के बारे में बताती है। कंपनी का प्रबंधन इन जोखिमों के प्रबंधन कार्यों को देखता है। कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन को निदेशक मंडल द्वारा सहायता प्रदान की जाती है जो कंपनी के लिए वित्तीय जोखिम तथा उपयुक्त वित्तीय जोखिम शासन रूपरेखा बनाने के सम्बन्ध में सलाह देते हैं। बोर्ड कंपनी के प्रबंधन को यह आश्वासन देता है कि कंपनी के वित्तीय जोखिम से सम्बंधित गतिविधियों को उपयुक्त नीतियों तथा पद्धति के द्वारा शासित किया जाता है और वित्तीय जोखिमों को कंपनी की नीतियों तथा जोखिम उद्देश्यों के अनुसार पहचान की जाती है, उनका आंकलन तथा प्रबंधन किया जाता है। प्रबंधन नीचे संक्षेप में दिए गए इन प्रत्येक जोखिमों को प्रबंधित करने के लिए नीतियों की समीक्षा करता है और उनपर सहमति प्रदान करता है।

1. बाजार जोखिम

बाजार जोखिम वह जोखिम होता है जिसमें वित्तीय साधनों के भविष्य में होने वाले नकदी प्रवाह के उचित मूल्यों में बाजार मूल्यों में होने वाले परिवर्तनों के कारण वृद्धि हो जाएगी। बाजार जोखिम में तीन प्रकार के जोखिम हैं रू ब्याज दर जोखिम, मुद्रा जोखिम और अन्य मूल्य जोखिम शामिल होते हैं। बाजार जोखिम से प्रभावित वित्तीय साधनों में सावधि जमा शामिल होती है।

(क) ब्याज दर जोखिम

ब्याज दर जोखिम वह जोखिम होता है जिसमें वित्तीय साधनों के भविष्य में होने वाले नकदी प्रवाह अथवा उचित मूल्यों में बाजार की ब्याज दरों में परिवर्तन होने वाले परिवर्तनों के कारण वृद्धि हो जायेगी। कंपनी बैंकों के पास रखी गयी सावधि जमा में कंपनी के निवेश से मुख्य रूप से सम्बंधित बाजार की ब्याज दरों में होने वाले परिवर्तनों के जोखिम के बारे में बताती है। कंपनी की सावधि जमा को नियत दर पर ले जाया जाता है। अतः ब्याज दर जोखिम पर निर्भर करते हुए, जैसा कि भारतीय लेखांकन मानक के 107 में परिभाषित किया गया है कि न कि आगे ले जाने वाली राशि के कारण और न ही भावी नकदी प्रवाह के कारण बाजार की ब्याज दरों में परिवर्तन होने के फलस्वरूप वृद्धि होगी।

(ख) विदेशी मुद्रा की संवेदनशीलता

विदेशी मुद्रा का जोखिम वह जोखिम होता है जिसमें कि भविष्य में होने वाली नकदी प्रवाह के उचित मूल्य में विनिमय दरों में परिवर्तन होने के कारण वृद्धि होगी। विदेशी मुद्रा जोखिम संवेदनशीलता का आर्थिक परिसंपत्तियों तथा देयताओं

के उचित मूल्यों में कर देय होने से पहले परिवर्तन हो जाने पर कंपनी के लाभ पर प्रभाव पड़ता है। कंपनी विदेशी मुद्रा के जोखिम को नहीं बताती है क्योंकि उसके पास कोई विदेशी मुद्रा आर्थिक परिसम्पत्तियाँ और देयतायें उपलब्ध नहीं होती हैं।

II क्रेडिट जोखिम

क्रेडिट जोखिम वह जोखिम होता है जिसे प्रति पार्टी कंपनी बाध्यताओं को निभा नहीं पाती। कंपनी मुख्य रूप से क्रेडिट जोखिम को व्यक्त करने के लिए प्रभावित होती है।

क्रेडिट जोखिम प्रबंधन

कंपनी निम्नलिखित के आधार पर प्रत्याशित क्रेडिट हानियों के लिए प्रावधान करती है:

₹ लाखो में

क्रेडिट जोखिम	**श्रेणीकरण का आधार**	**प्रत्याशित क्रेडिट हानियों के लिए प्रावधान**
निम्नतर क्रेडिट जोखिम	बैंक शेष राशियां	12 माह में प्रत्याशित क्रेडिट हानि
मध्यम क्रेडिट जोखिम	व्यापार प्राप्तियां तथा अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	क्रेडिट हानि

संविदा के अनुसार स्वीकृत समयावधि के भीतर भुगतान। बकाया को प्रदर्शित करने वाली हानियों की दरें वास्तविक क्रेडिट की हानि के अनुभव और उसके प्रतिफल पर आधारित हैं।

₹ लाखो में

क्रेडिट की दर	विवरण	**31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार**	**31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार**
निम्नतर क्रेडिट जोखिम	नकदी और नकदी के समकक्ष राशियां, बैंक जमा और अन्य बैंक शेष राशियां	1,50,757.01	1,55,708.74
मध्यम क्रेडिट जोखिम	व्यापार प्राप्तियां, ऋण और अन्य वित्तीय संपत्तियां	22,739.11	33,444.72

व्यापार प्राप्तियों का संग्रहण

व्यापार प्राप्तियों में भारत के विभिन्न राज्यों के अधिकांश ग्राहक शामिल हैं इसलिए क्रेडिट जोखिम का कोई महत्वपूर्ण संकेंद्र नहीं है।

क्रेडिट जोखिम में प्रत्याशित क्रेडिट की हानियों हेतु प्रावधान शामिल हैं। कंपनी निम्नलिखित परिसंपत्तियों के लिए 12 माह की प्रत्याशित क्रेडिट हानियों हेतु प्रावधान करती है।

₹ लाखो में

विवरण	सकल अग्रेनीत राशि	प्रत्याशित क्रेडिट हानियां	क्रेडिट हानियां
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार			
व्यापार प्राप्तियां	27,287.68	(9,889.60)	17,398.08
31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार			
व्यापार प्राप्तियां	29,136.59	(301.43)	28,835.15

हानियों के मिलान हेतु प्रावधान – प्रत्याशित क्रेडिट हानियों की अवधि

₹ लाखो में

हानि भत्ते का मिलान	व्यापार प्राप्तियां
31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार हानि भत्ता	303.28
वर्ष के दौरान पहचान की गई हानि/(प्रत्यावर्तित) पुरांकित राशियां	(1.85)
31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार हानि भत्ता	301.43
वर्ष के दौरान पहचान की गई हानि/(प्रत्यावर्तित) पुरांकित राशियां	9,588.17
31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार हानि भत्ता	9,889.60

III. लिक्विडिटी जोखिम

लिक्विडिटी जोखिम वह जोखिम होता है जिनका कंपनी वित्तीय देयताओं से संबंधित बाध्यताओं की पूर्ति करने में आने वाली कठिनाईयों का सामना करेगी, जिनका नकदी अथवा अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों के द्वारा निपटान किया जाता है। लिक्विडिटी रखने के लिए कंपनी को यथा संभव यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके पास उसकी देयताओं की पूर्ति करने के लिए देयतायें देय होने की स्थिति में पर्याप्त लिक्विडिटी राशि उपलब्ध है। प्रबंधन प्रत्याशित नकदी प्रवाह के आधार पर नकद हुए नकदी समकक्ष राशियों तथा कंपनी की लिक्विडिटी की स्थिति के पूर्वानुमान प्रक्रिया की निगरानी करता है। कंपनी बाजार की लिक्विडिटी का लेखा जोखा रखती है जिसमें सत्ता परिचालन कार्य पूरा किया जाता है।

संविदात्मक बतायी न गयी भुगतान राशियों के आधार पर कंपनी की वित्तीय देयताओं की परिपक्वता प्रोफाइल का सार नीचे सारणी में दिया गया है।

₹ लाखो में

	मांगपर	3 से कम माह	3 से 12 माह	1 से 5 वर्ष	5 वर्षों से कम	योग
31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष						
व्यापार प्राप्तियाँ	34,932.17	-	-	-	-	34,932.17
अन्य वित्तीय देयतायें(गैर चालू)	-	-	-	40.45	-	40.45
अन्य वित्तीय देयतायें(चालू)	1,466.94	-	-	-	-	1,466.94
योग	**36,399.11**	**-**	**-**	**40.45**	**-**	**36,439.55**
31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष						
व्यापार प्राप्तियाँ	47,192.00	-	-	-	-	47,192.00
अन्य वित्तीय देयतायें(गैर चालू)	-	-	-	40.45	-	40.45
अन्य वित्तीय देयतायें(चालू)	1,321.17	-	-	-	-	1,321.17
योग	**48,513.17**	**-**	**-**	**40.45**	**-**	**48,553.62**

30. पूंजी प्रबंधन

कंपनी की पूंजी प्रंबधन की संरचना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करनी है कि वचनबद्ध कार्य कार्यक्रम की अपेक्षाओं को कार्यान्वित करने के लिए कंपनी के भीतर पर्याप्त लिक्विडिटी उपलब्ध हो। कंपनी लचीलापन बनाये रखने तथा उसके उद्देश्यों की पूर्ति करने हेतु पूंजी संरचना में होने वाले परिवर्तनों की अपेक्षाओं का मूल्यांकन करने के लिए व्यवसाय की दीर्धावधि नकद प्रवाह अपेक्षाओं की निगरानी करती है।

कंपनी आर्थिक स्थितियों में होने वाले परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए उसकी पूंजी संरचना को व्यवस्थित करती है और उसमें समायोजन करती है। पूंजी संरचना का रखरखाव करने अथवा उसमें समायोजन करने के लिए कंपनी नकदी हेतु नये शेयर जारी करने के लिए, शेयरहोल्डरों को प्रतिफल पूंजी, ऐसी अन्य यथा उपयुक्त पुनः संरक्षित गतिविधियों को शुरू करने अथवा उसके स्थान पर नई ऋण सुविधाएं प्रदान करने हेतु लाभांश भुगतान का समायोजन करेगी।

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के दौरान उद्देश्यों, नीतियों अथवा प्रक्रियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया।

₹ लाखो में

विवरण	31मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
उधार राशियाँ		
व्यापार प्राप्तियाँ	34,932.17	47,192.00
अन्य प्राप्तियाँ	143,642.69	128,656.78
घटायें : नकदी और नकदी समकक्ष राशियाँ	(62,678.42)	(40,298.20)
निवल ऋण	**115,896.44**	**135,550.58**
कुल इक्विटी	**50,137.83**	**63,882.41**
पूंजी और निवल ऋण	**166,034.27**	**199,432.99**
अनुपात (%)	**69.80%**	**67.97%**

31. आकसमिक देयतायें

तुलन पत्र की तारीख के अनुसार, कंपनी द्वारा प्रयोक्ताओं को प्रदान की गई ऑफ साइट वारंटी के संदर्भ में आकसमिक देयताओं पर विचार नहीं किया गया हैं क्योंकि परियोजनाओं के तहत पूर्ति किये गये सभी उपकरणों को वारंटी अवधि के बाद समय–समय पर विक्रेताओं/पूर्तिकारों से एएमसी के तहत शामिल किया गया है।

उपर्युक्त के अलावा प्रावधान न की गई आकसमिक देयतायें नीचे दिये गए अनुसार हैः

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार
कंपनी से दावे, जिनकी ऋण के रूप में सूचना नहीं दी गई है।	99.66	69.72
गारंटी	1848.84	1493.32
आयकर मांग (निर्धारण वर्ष 2010–11)	-	7.91
आयकर मांग (निर्धारण वर्ष 2012–13)	-	14.90
आयकर मांग (निर्धारण वर्ष 2015–16)	350.60	-
योग	**2299.10**	**1585.85**

ii. 2009 से 2016 तक की अवधि के लिए स्पैक्टम प्रभारों के संबंध में 32,383.09 लाख रूपये और लाइसेंस शुल्क के संबंध में 65,445.02 लाख रूपये की डीओटी द्वारा डीओटी लाइसेंस के लिए अननतिम रूप से निर्धारण किया गया है (संदर्भ टिप्पणी संख्या 44 देखें)। उपर्युक्त वित्तीय वर्ष 2016–17 से आगे वर्ष के लिए कोई पत्राचार नहीं किया गया है।

iii. 31 मार्च, 2017 को निकसी दवारा डीओटी को सुपुर्द किए गए डीओटी लाइसेंस – राशि के संबंध में वी – सेट सेवाओं (सीएससी परियोजना और एनडीआरएफ परियोजना) से आय पर 2 प्रतिशत की दर से जुर्माना लगाया गया है।

iv उपर्युक्त के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है क्योंकि प्रबंधन को विश्वास हैं कि भविष्य में भी कोई वास्तविक देय/मांग नहीं होगी।

32. वचनबद्धता

कंपनी ने व्यापारिक माल की खरीद करने तथा आपूर्तिकर्ताओं के साथ किये गये करारों तथा क्रय आदेशों पर आध ाारित उत्तरवर्ती अवधि में इन सेवाओं का लाभ प्राप्त करने की वचनबद्धता दी है । इन वचनबद्धताओं को स्वीकृत शर्तो के अनुसार संशोधित भी किया जा सकता है। तथापि, कंपनी की आंतरिक परियोजनाओं के संबंध में ऐसी राजस्व वचनबद्धताओं की राशि 31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार 23.23 लाख रुपये (पूर्व वर्ष 21.32 लाख रूपये) है । इसके अतिरिक्त, आरक्षिति में से पूंजी व्यय के संबंध में वचनबद्धता निम्नानुसार हैं –

₹ लाखो में

क्रम संख्या	विवरण	31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार
1	राष्ट्रीय डाटा केंद्र, भुवनेश्वर	4,696.00	9,248.00
2	एनआईसी क्लाउड सेवाओं का संवर्धन	5,386.00	12,034.00
3	जिला 2.0 – डिजीटल इंडिया पहल कार्यों का प्रचार	1,407.00	7,213.00
4	निकसी उत्कृष्ट केंद्र	-	2,650.00
5	लक्ष्मी नगर डाटा केंद्र का उन्नयन	-	816.00
6	आई टी पार्क, शास्त्री पार्क में विकास केंद्र	-	2,480.00
	योग	**11,489.00**	**34,441.00**

33. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III में दिये गये आय व व्यय लेखा तैयार करने के सामान्य अनुदेशों के पैरा 5 (viii) के अनुसार सूचना

i. सी आई एफ आधार पर आयात का मूल्य : शून्य

ii. विदेशी मुद्रा में व्यय (प्रोद्भूत आधार पर)

₹ लाखो में

विवरण	31, मार्च 2019 को समाप्त वर्ष	31, मार्च 2018 को समाप्त वर्ष
यात्रा–स्टाफ (विदेशी)	शून्य	शून्य
योग	**शून्य**	**शून्य**

iii. विदेशी मुद्रा में उपार्जन (प्रोद्भूत आधार पर) शून्य रूपये (पूर्व वर्ष शून्य रूपये) है।

34. लेखा परीक्षक पारिश्रमिक '

₹ लाखो में

विवरण	31, मार्च 2019 को समाप्त वर्ष	31, मार्च 2018 को समाप्त वर्ष
कर लेखा शुल्क शामिल करते हुए लेखा परीक्षक शुल्क	7.21	7.21
व्ययों की प्रतिपूर्ति हेतु	1.99	1.99
योग	**9.12**	**9.12**

*सेवाकर को शामिल करते हुए। इसके अलावा, 2.30 लाख रूपये (पूर्व वर्ष 3.42 लाख रूपये) का विभिन्न परियोजनाओं के लिए प्रमाणन कार्य के लिए भुगतान किया गया है जिसे सीधे ही संबंधित परियोजनाओं में डेबिट किया जाता है ।

35. भारतीय लेखांकन मानक 19 के अनुसार प्रकटीकरण –''कर्मचारी लाभ''

(i) भविष्य निधि में अंशदान

निकसी की कोई भविष्य निधि योजना नहीं है क्योंकि 3 मार्च,1998 की भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार निकसी के सभी पदाधिकारी तथा उनके पद एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर लिए गए हैं। भविष्य निधि की इस प्रयोजन हेतु निर्धारित दरों के अनुसार प्रत्येक माह उनके वेतन से कटौती की गई है तथा सरकार से मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार तत्पश्चात् उसे एनआईसी को भेजा जाता है क्योंकि सम्पूर्ण लेखा का रखरखाव उनके द्वारा किया जाता है। इसलिए निकसी की कर्मचारियों के भविष्य निधि लेखा के भुगतान के संबंध में कोई देयता नहीं है।

(ii) छुट्टी वेतन

चूंकि 3 मार्च, 1998 की भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार रा.सू.वि.केंद्र के सभी कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर हैं, छुट्टी वेतन अंशदान राशि की (संबंधित कर्मचारी के वेतन से निर्धारित दरों के अनुसार) निकसी द्वारा प्रत्येक माह उनके खाते में गणना की जाती हैध्प्रदान की जाती है तथा उसके पश्चात् उसे रा.सू.वि.केंद्र के पास भेज दिया जाता है। इस प्रकार, निकसी की छुट्टी वेतन भुगतान/छुट्टी भुनाने के संबंध में कोई देयता नहीं है ।

(iii) पेंशन अंशदान

चूंकि 3 मार्च, 1998 की उक्त भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार, रा.सू.वि.केंद्र के सभी कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर हैं, इसलिए पेंशन अंशदान राशि की (संबंधित कर्मचारी के वेतन से निर्धारित दरों के अनुसार) प्रत्येक माह उनके खाते में निकसी द्वारा गणनाध्प्रदान की जाती है तथा उसके पश्चात् उसे रा.सू.वि. केंद्र को भेज दिया जाता है । इस प्रकार पेंशनरी लाभ के भुगतान के लिए निकसी की कोई देयता नहीं है

(iv) उपदान

चूंकि 3 मार्च, 1998 की उक्त भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार, रा.सू.वि. केंद्र के सभी कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर हैं, इसलिए कंपनी भुगतान करने के लिए दायी नहीं है क्योंकि उसको एन आई सी द्वारा पूरी तरह से वहन किया जायेगा।

36. संबंधित पार्टी के प्रकटीकरण

संबंधित पार्टियों की सूची

पार्टी का नाम	संबंध
श्री मनोज कुमार मिश्रा, प्रबंध निदेशक	प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

ii. संबंधित पार्टियों से लेन–देन

₹ लाखो में

पार्टी का नाम	लेन देन की प्रकृति	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष
श्री मनोज कुमार मिश्रा	प्रबंधकीय पारिश्रमिक	38.61	34.47
	योग	**38.61**	**34.47**

संबद्ध पार्टियों को 31–03–2019 की स्थिति के अनुसार देय शेष राशि : 2.59 लाख रूपये (पूर्व वर्ष 2.37 लाख रूपये) थी ।

37. परिचालित (ऑपरेटिंग) लीज

कंपनी ने परिचालित (ऑपरेटिंग) लीज के अंतर्गत कार्यालय स्थल को भाड़े पर लिया है। इसके अलावा, भारतीय लेखांकन मानक 17 'लीज्ड हेतु कुल भावी न्यूनतम लीज्ड भुगतान के विवरण निम्नानुसार हैः–

₹ लाखो में

क्रम सं.	विवरण	31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार
i.	एक वर्ष से अधिक नहीं	1,425.11	1302.78
ii.	एक वर्ष से अधिक परन्तु पांच वर्ष से कम नहीं	7,809.99	7,578.28
iii.	पांच वर्ष से अधिक	12,275.94	13,932.76

38. भारतीय लेखांकन मानक – 108 'परिचालन खंड' के अनुसार प्रकटीकरण

निकसी दिल्ली में केंद्रीयकृत कार्यालय से केवल "सूचना प्रौद्योगिकी" खंड पर ही सेवायें प्रदान कर रही है। उस पर एक खंड के रूप में विचार करते हुए, वित्तीय विवरणों में भारतीय लेखांकन मानक 108 – परिचालन खंड के अनुसार कोई प्रकटीकरण नहीं किया गया है।

39. शेष पुष्टि

शेष पुष्टिकरण पत्र विभिन्न शीर्षों के तहत जारी किए गए हैं। उसके प्रत्युत्तर की प्रतीक्षा है।

40. सवारी/हक विलेख का गैर निष्पादन

कंपनी ने वर्ष 2003 और 2001 में क्रमशरू मैसर्स एनबीसीसी लिमिटेड से हॉल संख्या 2 और 3, 6वां तल एनबीसीसी टावर, भीकाजी कामा पैलेस, नई दिल्ली खरीदा। तथापि, उसकी 931.50 लाख रूपये (पूर्व वर्ष 931.50 लाख रूपये) के संबंध में सवारी विलेख/हक विलेख को एनबीसीसी द्वारा कंपनी से बहुत से अनुरोध प्राप्त होने के बावजूद भी अभी तक पंजीकृत नहीं कराया गया है। कंपनी द्वारा इन मामले में मैसर्स एनबीसीसी को नियमित रूप से याद दिलाया जा रहा है। अतरू स्टैम्प ड्यूटी की राशि के संबंध में 74.51 लाख रूपये (पूर्व वर्ष 74.51 लाख रुपये) का प्रारंभिक प्रावधान वित्तीय विवरणों में किया गया है और अंतर राशि, यदि कोई हो, साल में प्रावधान किया जायेगा और उसे पंजीकृत किया जायेगा ।

41. प्रबंधन के विचार में, चालू परिसम्पत्तियों, ऋण और अग्रिमों का मूल्य सामान्य कार्यविधि के दौरान वसूलनीय मूल्य होना चाहिए जोकि उललिखित राशि के कम–से–कम समतुल्य हो ।

42. एमएसएमईडी अधिनियम, 2016 की धारा 22 के अधीन प्रकटीकरण

क्रम सं	विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
1	किसी भी आपूर्तिकर्ता को बकाया भुगतान के लिए देय प्रधान राशि और ब्याज	466.66	शून्य
2	पूर्तिकार को की गई भुगतान की राशि तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 की धारा 16 के अनुसार खरीददार द्वारा प्रदान की गई ब्याज की राशि	शून्य	शून्य
3	भुगतान करने में देरी की अवधि के लिए देय ब्याज और देय राशि, लेकिन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के तहत निर्दिष्ट ब्याज को जोड़े बिना	शून्य	शून्य
4	प्रोदभूत ब्याज तथा शेष भुगतान न की गई राशि	शून्य	शून्य
5	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 की धारा 23 के तहत कटौती करने वाले व्यय को न देने के प्रयोजन से, उस तारीख से जब उपर्युक्त देय ब्याज राशि का लधु उद्यम को वास्तव में भुगतान किया जाता है, यहां तक कि उत्तरवर्ती वर्षों में आगे की ब्याज राशि देय रह गई हो और देय हो ।	शून्य	शून्य

43. भारतीय लेखा मानक–36 ''परिसंपत्तियों की अशक्तता'' के अनुसार प्रकटीकरण

भारतीय लेखा मानक–36 ''परिसंपत्तियों की अशक्तता'' के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान शास्त्री पार्क स्थान में स्थित राष्ट्रीय डाटा केन्द्र और लक्ष्मी नगर में डॉटा केन्द्र के संबंध में एनआईसी क्लाउड सेवाओं के संवर्धन और शास्त्री पार्क स्थानों में विकास केंद्रों पर निवेश करने के संबंध में परिसंपततियों की अशक्तता का निर्धारण किया गया है जो कि कम्पनी की नकदी प्रस्तुत करने वाली यूनिटें हैं और इस संबंध में किसी अशक्तता हानि का पता नहीं चला है।

44. दिनांक 20.11.2009 की डीओपी लाइसेंस सं0 815–100/निकसी/2009–डीएस के मद्दे वी–सैट परियोजनाओं में राजस्व उत्पादन (जी आर/ए जी आर) और उस पर डीओटी को लाइसेंस शुल्क और स्पैक्ट्रम प्रभारों का भुगतान

निकसी ने दिनांक 25.11.2009 को दूरसंचार विभाग के साथ एक वाणिजयिक वीसैट लाइसेंस समझौता किया था और दूरसंचार विभाग को तद्नुसार लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम प्रभारों का भुगतान किया जा रहा है । वर्ष के दौरान इस लाइसेंस के मद्दे दो परियोजनायें यथा सीएससी और एनडीआरएफ कार्यान्वित की गयी है। अक्तूबर, 2015 में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने यह इंगित किया था कि भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने दिनांक 11.10.2011 के आदेश में कहा था कि समायोजित सकल राजस्व की विस्तृत परिभाषा, जिसमें लाइसेंस से परे राजस्व शामिल है, अगर किसी तरह से लाइसेंसधारक को प्रभावित करती है तो लाइसेंसधारकों को छूट है कि वे टेलीग्राफ अधिनियम के खंड (4) के तहत लाइसेंस की आवश्यकता न होने वाले कार्यकलाप न करें तथा ऐसे कार्यकलापों को किसी अन्य व्यक्ति या फर्म या कम्पनी को स्थानांतरित कर दें । निकसी, उसके बाद एमईआईटीवाई के माध्यम से दूरसंचार विभाग से इस मामले पर कारवाई करेगी कि दूरसंचार विभाग निकसी के संबंध में केवल उन परियोजनाओं से प्राप्त राजस्व पर ही वसूली करेगा, न कि प्रारंभिक स्वीकृत शर्तों के अनुसार कम्पनी के पूरे राजस्व पर वसूली करेगा। दूरसंचार विभाग ने दिनांक 10.5.2016 के अर्धशासकीय सं0 32–4/सीसीए–दिल्ली/2015–एलएफपी (के डब्ल्यू–2) द्वारा सूचित किया कि एजीआर मामला फिलहाल माननीय उच्चतम न्यायालय में ''अपील'' के अधीन है और 29.02.2016 को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि भारत संघ अपनी समझ के अनुसार मांगें उठाती रहेगी, हालांकि इस कोर्ट द्वारा विवाद के अंतिम निर्णय होने तक इसे लागू नहीं किया जायेगा । दूरसंचार विभाग ने आगे कहा कि मूल्यांकन कार्य, प्रासंगिक लाइसेंस करारों की निबंधन व शर्तों और समय–समय पर जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों/अनुदेशों/स्पष्टीकरणों के अनुसार, अगले आदेशों तक जारी रखा जायेगा। तथापि, डीओटी ने दिनांक 09.02.2017 की पत्र सं. 7–16/2009–एलएफ/वी सेट 2015–16/107 तथा दिनांक 09.02.2017 की सं. डब्ल्यूपी एफ–1000/निकसी/वाणिज्य वी सेट/2010–11/107 के द्वारा निकसी को 2009 से 2016 तक की अवधि के लिए लाइसेंस शुल्क के संबंध में 65445.02 लाख रुपये तथा स्पैक्ट्रम प्रभारों के संबंध में 32383.09 लाख रुपये निकसी को अंतरिम मूल्यांकन भेजा । इस मांग के लिए निकसी ने एमईआईटीवाई और डीओटी के साथ इस मामले पर कारवाई शुरू की । इसके अलावा,इस मामले में अभी फीडबैक प्राप्त होना है ।

निकसी ने दूरसंचार विभाग को वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान तदनुसार पहले अपनाई गई पद्धति के अनुसार प्रभारों का भुगतान/प्रदान किया है। परियोजनावार स्थिति निम्नानुसार हैः

(क) सीएससी परियोजना के लिए वीसैट

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान दिनांक 20.11.2009 की डीओटी लाइसेंस संख्या 815–100/निकसी/2009–डीएस के मद्दे पूर्वोत्तर परियोजना में सीएससी हेतु वी सेट राजस्व के रुप में शून्य रूपये (पूर्व वर्ष शून्य रुपये) की राशि प्राप्त की गयी है। इनके विवरण निम्नानुसार है –

₹ लाखो में

क्र.सं.	विवरण	31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष	31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष
(क)	कंपनी के आय और व्यय लेखा के अनुसार कुल राजस्व	1,24,033.33	1,33,642.72
(ख)	उपर्युक्त डी.ओ.टी लाइसेंस से संबंधित वीसैट सेवाओं (सीएससी परियोजना) से आय	शून्य	शून्य
(ग)	(ख) के अलावा परियोजनाओं से प्राप्त राजस्व	1,24,033.33	1,33,642.72

निकसी राजस्व पर इस परियोजना के संबंध में उपर्युक्त लाइसेंस के मद्दे डीओटी के अतिरिक्त शुल्क अथवा जुर्माना को परियोजना संख्या 80752/जीईएन/एनडी में प्रभारित किया जायेगा ।

इस परियोजना में डी ओ टी द्वारा लगाए जाने वाले जुर्माने, यदि कोई है, का उस वर्ष में लेखा दृ जोखा रखा जाएगा, जिसमें उसकी वसूली की जाएगी । तथापि , निकसी ने दिनांक 31–3–2017 को डीओटी को उक्त लाइसेंस सुपुर्द किया है और तत्पश्चात कंपनी दवारा वित्तीय वर्ष 2018–19 में कोई गतिविधि शुरू नहीं की गई।

(ख) एनडीआरएफ परियोजना हेतु वीसैट

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान दिनांक 20.11.2009 की डीओटी लाइसेंस संख्या 815–100/निकसी/2009–डीएस के मद्दे पूर्वोत्तर परियोजना के लिए वीसैट से संबंधित राजस्व के रुप में शून्य रूपये (पूर्व वर्ष शून्य रुपये) की राशि प्राप्त की गयी है। इनके विवरण निम्नानुसार है –

₹ लाखो में

क्र.सं.	विवरण	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार
(क)	कंपनी के आय और व्यय लेखा के अनुसार कुल राजस्व	1,24,033.33	1,33,642.72
(ख)	उपर्युक्त डी.ओ.टी लाइसेंस से संबंधित वीसैट सेवाओं (सीएससी परियोजना) से आय	शून्य	शून्य
(ग)	(ख) के अलावा परियोजनाओं से प्राप्त राजस्व	1,24,033.33	1,33,642.72

निकसी राजस्व पर इस परियोजना के संबंध में उपर्युक्त लाइसेंस के मद्दे डीओटी के अतिरिक्त शुल्क अथवा जुर्माना को परियोजना संख्या 111116/जीईएन/एनडी में प्रभारित किया जायेगा ।

इस परियोजना में डीओटी द्वारा लगाए गए जुर्माने, यदि कोई है, का उस वर्ष में लेखा–जोखा रखा जायेगा, जिसमें उसकी वसूली की गई है। तथापि, निकसी ने 31–03–2017 को डीओटी को उक्त लाइसेंस सुपुर्द किया और उसके पश्चात कंपनी दवारा वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान कोई गतिविधियां शुरू नहीं की गई।

45. एनकेएन परियोजना पर परिचालन सीमान्त राशि (प्रशासनिक प्रभार)

एनकेएन परियोजना पर दिनांक 19.07.2011 को आयोजित उच्च स्तरीय समिति की बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार, एन के एन परियोजना के अधीन व्यय पर 1% दर से परिचालन सीमान्त राशि वसूल करने के संबंध में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एकीकृत वित्त प्रभाग, प्रभाग (आईएफडी) से विशेष अनुमोदन प्राप्त होने की प्रतीक्षा है। तथापि, निदेशक मण्डल से प्राप्त अनुमोदन के अनुसार, नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक एतद्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का अनुमोदन मिलने के अनुसार व्यय के 1% की दर से अपनी परिचालन सीमान्त राशि की प्रविष्टि कर रही है ।

46. राष्ट्रीय डाटा केंद्र परियोजना, शास्त्री पार्क, दिल्ली के संबंध में आयध्व्यय

राष्ट्रीय डॉटा केंद्र, शास्त्री पार्क, दिल्ली को इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रोदयोगिकी मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना – विज्ञान से प्राप्त वित्तीय सहायता से स्थापित किया गया था और जुलाई, 2011 में इसने काम करना शुरू कर दिया। स्थायी वित्तीय समिति द्वारा दिए गए अनुमोदन के अनुसार, निकसी को प्रारंभिक 2 वर्षों के लिए 800 लाख रूपये की दर से उस पर परिचालनात्मक व्यय राशि को वहन करना पड़ेगा।अपने परिचालनात्मक व्यय को पूरा करने के लिए निकसी को उसे आवंटित 60 रैक से आय प्राप्त करनी थी। जबकि निकसी ने 2 वर्षों के बाद भी उस पर परिचालनात्मक व्यय की पूर्ति करना जारी रखा।

एमईआईटीवाई ने यह अनुमोदित किया कि दिनांक 01.04.2014 के आगे से, निकसी राष्ट्रीय डाटा केन्द्र, शास्त्री पार्क, दिल्ली पर किराया व रखरखाव/बुनियादी ढ़ांचे के रखरखाव/बुनियादी अवसंरचना ओ एण्ड एम जनशक्ति शीर्षों पर 800 लाख रुपये तक परिचालनात्मक व्यय शीर्षवार खर्च करेगी और एनआईसी विद्युत और डीजल प्रभारों/प्रत्यक्ष सुरक्षा व गृह व्यवस्था प्रभारों/जल प्रभारों/लोजिस्टिक सहायता/आकस्मिकता प्रभारों के संबंध में निकसी द्वारा प्रारंभ में ये व्यय वहन करने के पश्चात् निकसी को अपने बजटीय प्रावधान में से इन सभी प्रभारों के 3% तक व्यय की प्रतिपूर्ति करेगी। भुवनेश्वर में राष्ट्रीय डॉटा केंद्र की स्थापना करने के साथ ही, निकसी और एनआईसी ने शास्त्री पार्क, दिल्ली में राष्ट्रीय डॉटा केंद्र के लिए और उसके परिचालन और प्रबंधन के लिए व्यवस्था करने का काम शुरू किया। निकसी के निदेशक मंडल ने 27.12.2018 को आयोजित अपनी 108 वीं बैठक में उस पर विचार किया और उसे 01 अप्रैल 2018 से निम्नानुसार अनुमोदित कियाः –

- निकसी शास्त्री पार्क और भुवनेश्वर डॉटा केंद्रों के लिए एक अलग परियोजना पूल खाता बनाएगी।
- इन दोनों डॉटा केंद्रों पर सह–स्थान सेवाओं के माध्यम से प्राप्त आय को प्रस्तावित परियोजना शीर्षों के अधीन रखा जाएगा।
- इन दोनों डॉटा केंद्रों पर ओ एंड एम खर्च की पूर्ति करने और मूल अवसंरचना के उन्नयन के लिए आय का इस्तेमाल किया जाएगा।
- निकसी द्वारा शास्त्री पार्क में सह–स्थान सेवा के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मौजूदा 60 रैक के अलावा, एनआईसी आने वाले वर्षों के लिए ओ एंड एम खर्चों की पूर्ति करने के लिए और मूल अवसंरचना के उन्नयन के लिए पर्याप्त निधियां प्राप्त करने हेतु और अधिक रैक जोड़गा।
- निकसी वित्तीय वर्ष 2018–19 और उसके बाद से शास्त्री पार्क में ओ एंड एम व्यय राशि के संबंध में 800 लाख रूपये प्रति वर्ष खर्च नहीं करेगी। एनआईसी द्वारा शामिल किए जाने वाले 60 रैकों और इससे अधिक रैकों के माध्यम से प्रति वर्ष प्राप्त किए गए राजस्व का उपयोग ओ एंड एम व्यय को पूरा करने और मूल अवसंरचना के उन्नयन के लिए किया जाएगा।
- निकसी उक्त ओ एंड एम की व्यय राशि और मूलध्आईसीटी मूल अवसंरचना के उन्नयन के संबंध में वित्तीय वर्ष 2018–19 और उसके आगे से बोर्ड द्वारा अनुमोदित दरों के अनुसार अपनी 7% की दर से परिचात्मक सीमांत राशि वसूल करेगी।

निकसी ने तदनुसार शास्त्री पार्क और भुवनेश्वर दोनों के लिए राष्ट्रीय डॉटा केंद्र में वित्तीय वर्ष 2018–19 में अपनी आय और व्यय दर्ज की है।

47 एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर निकसी कर्मचारियों को छुट्टी यात्रा रियायत

कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2010–11 से 2013–14 के दौरान एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर लिये गये निकसी के कर्मचारियों को निकसी की सेवा नियमों के आधार पर छुट्टी यात्रा रियायत के संबंध में 189 लाख रुपये की प्रतिपूर्ति की है। निदेशक मण्डल की दिनांक 17.05.2006 को आयोजित उनकी 49वीं बैठक में उनके द्वारा अनुमोदित सेवा नियमों के आधार पर कंपनी द्वारा इस राशि की प्रतिपूर्ति की गई है और उसे दिनांक 24.09.2010 को आयोजित 69वीं बैठक में संशोधित किया गया था, जोकि डीपीई/डीओटीपी के दिशानिर्देशों और सीसीएस के छुट्टी यात्रा रियायत नियमों के अनुसार नहीं है। उसके बाद इन सेवा नियमों को निकसी द्वारा 11.11.2014 को परिशोधन हेतु एनआईसी/डीईओटीवाई को भेजा गया है । बोर्ड की मंजूरी के अनुसार वसूली किस्तों में की जायेगी । निकसी ने मई, 2015 में कर्मचारियों के वेतन से राशि की वसूली की है । इसके लिए कर्मचारियों ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में वसूली के लिए याचिका दायर की है और इस मामले में न्यायालय द्वारा अंतिम निर्णय देने तक दिनांक – 09.06.2015 के ''आदेश'' द्वारा कर्मचारियों से राशि की वसूली करने के संबंध में श्श्रोकश्श लगा दी गयी है । अंत में, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिनांक 18.03.2016 के अपने फैसले में निर्णय लिया कि सेवा शर्तें, जो अपीलकर्ता को निकसी में प्रतिनियुक्ति पर आवेदन करने के लिए प्रेरित करती है और एलटीसी के उदारीकरण विकल्प को चुनने की सुविधा प्रदान करती है, उसे रोका जाये। पर उस सुविधा का सतत् रुप से लाभ उठाया गया । उसके बाद एलटीसी के नियमों में संशोधन किया गया–जिस पर कोई विवाद नही था कि निकसी के मूल विनियम तथा उसमें किये गये संशोधन लागू रहेंगे । इन परिस्थितियों में सेवा की शर्तों में बदलाव किये बिना की जाने वाली वसूली को रोका नहीं जा सका। तदनुसार प्रतिवादी अर्थात् निकसी को 2010 से पूर्व प्रतिनियुक्ति की शतों के अनुसार अधिक भुगतान की गयी राशि ही वसूल करने की अनुमति दी गयी है क्योंकि मौजूदा कुछ कर्मचारियों ने संगठन में अभी कार्यग्रहण किया अथवा जो 2010 के संशोधन के प्रतिकूल है । इस अपील को उस सीमा तक माना जाता है।

एमईआईटीवाई ने दिनांक 14.07.2016 के पत्र के द्वारा निकसी को यह निदेश दिया कि जो कर्मचारी अनियमित रूप से छुट्टी यात्रा रियायत की सुविधा ले रहे थे उन्हे आधिक्य भुगतान की वसूली करना जारी रखें । निकसी ने दिनांक 29.07.2016 के पत्र के द्वारा एमईआईटीवाई को यह सूचित किया कि चालू निर्देशों को ध्यान में रखते हुए निकसी ने छुट्टी यात्रा रियायत के कारण कर्मचारियों को किए गए आधिक्य भुगतान की वसूली प्रक्रिया पुनरू शुरू कर दी है और उन्हें इसके संबंध में 29.07.2016 को कार्यालय ज्ञापन जारी भी किया जिसमें उन्हें यह सूचित किया गया है कि यह वसूली अगस्त 2016 माह के वेतन से शुरू की जाएगी। इसके साथ – साथ दिनांक 16.08.2016 को निकसी द्वारा एमईआईटीवाई को यह मामला प्रस्तुत किया गया।

प्रभावित कर्मचारी दिनांक 29.07.2016 के निकसी के उक्त कार्यालय ज्ञापन के अनुसार वसूली पुनः शुरू की गयी। प्रक्रिया के विरोध में अवमानना याचिका दायर करके माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में चले गए जिसमें निकसी तथा एमईआईटीवाई दोनों को प्रतिवादी बनाया गया । एमईआईटीवाई ने इस मामले पर पुनरू विचार किया और निकसी को दिनांक 17.03.2017 की टिप्पणी द्वारा यह सलाह दी कि वह इस मामले में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय से प्राप्त दिनांक 18.03.2016 के उक्त निर्णय का अनुपालन करें। एमईआईटीवाई के निर्देशों के आधार पर निकसी ने दिनांक 21.03.2017 को कार्यालय ज्ञापन जारी किया जिसमें यह उल्लेख किया गया कि एनआईसी/निकसी के कर्मचारियों द्वारा छुट्टी यात्रा रियायत की दावा की गई राशि की वसूली न की जाये और इसके अलावा उचित समय पर संबंधित अधिकारियों को पहले से वसूली की गई राशि की पुनः वापसी की जाये। प्रतिवादियों ने तदानुसार दिनांक 21.03.2017 के कार्यालय ज्ञापन की फोटोकॉपी को सुपुर्द करके, दिनांक 23.03.2017 को अपनी सुनवाई में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय को इस निर्णय की सूचना दी । अवमानना याचिका को इस प्रकार संतुष्ट हो जाने पर निपटान किया गया माना गया और प्रतिवादियों को यह निर्देश दिया गया कि वे दिनांक 21.03.2017 के कार्यालय ज्ञापन को तत्काल लागू

करें। निकसी ने तदनुसार कारवाई की और प्रत्येक संबद्ध व्यक्तियों को वसूल की गई राशि की वापिसी की ।

इस बीच, इस मामले को नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक के कार्यालय द्वारा संसद में प्रस्तुत की गई – मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के लिए रिपोर्ट – केंद्र सरकार (संचार और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र) – 2015 की संख्या 55 में शामिल किया गया। इस समय यह मामला संसद में लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास है।

उक्त माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को शामिल करते हुए एमईआईटीवाई ने उपर्युक्त के अनुसार नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक कार्यालय को सूचित किया। उसके बाद, नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक कार्यालय ने माननीय न्यायालय के फैसले की प्रति और निकसी के सेवा नियमों के परिशोधन के लिए सरकार के अनुमोदन की प्रति की भी इच्छा व्यक्त की। जबकि माननीय न्यायालय के निर्णय की प्रति नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक कार्यालय को प्रदान की गई थी, यह सूचित किया गया कि निकसी के सेवा नियमों के परिशोधन की दिशा में यह मामला अभी सरकार के विचाराधीन था। इस प्रकार यह पैरा, सरकार से निकसी के सेवा नियमों के परिशोधन न होने के कारण अभी भी पीएसी के विचाराधीन है।

48. एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर रहने वाले निकसी के कर्मचारियों को परियोजना प्रोत्साहन

कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2007–08 से 2013–14 तक के लिए एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर रहने वाले निकसी के कर्मचारियों को परियोजना, प्रोत्साहन के संबंध में 211 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया। इसके अतिरिक्त, इसके संबंध में वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए लेखाओं में 44.84 लाख रुपये और वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए 45.80 लाख रुपये की राशि प्रदान की गयी है, जो निदेशक मंडल की दिनांक 22.12.2008 को आयोजित 60वीं बैठक में उनके द्वारा अनुमोदित नियमों पर आधारित है, जोकि डीपीई के मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार नहीं है। मार्गदर्शी सिद्धांतों पर अनुमोदन लेने के लिए निकसी द्वारा इस मामले को एनआईसी/एमईआईटीवाई को प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रोत्साहन पर टी डी एस की कटौती वास्तविक भुगतान के समय की जायेगी। सरकार से मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार, अनुमोदन लेने की अभी प्रतीक्षा है। चूंकि इस मामले में अभी तक कोई फीडबैक नहीं मिले हैं इसलिए वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2018–19 के दौरान परियोजना प्रोत्साहन राशि के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2018–19 में, वित्तीय वर्ष 2014–15 हेतु 44.84 लाख रूपये और वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु 45.80 लाख रूपयों के परियोजना प्रोत्साहन के संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया।

49 एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर रहने वाले निकसी के कर्मचारियों को यात्रा भत्ता और मकान किराया भत्ता

कंपनी ने दिनांक 01.07.2007 से 31.03.2014 तक की अवधि के दौरान एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर रहने वाले निकसी कर्मचारियों को गृह किराया भत्ता के संबंध में 17 लाख रुपये और परिवहन भत्ता के संबंध में 49 लाख रूपयों की आधिक्य राशि का भुगतान किया है। कम्पनी द्वारा निदेशक मण्डल की दिनांक 17.05.2006 को आयोजित 49वीं बैठक में उनके द्वारा अनुमोदित सेवा नियमों के आधार पर इस राशि का भुगतान किया गया है जोकि भारत सरकार के नियमों के अनुसार नहीं है। निकसी द्वारा एनआईसी/एमईआईटीवाई को दिनांक 11.11.2014 को सेवा नियम परिशोधन हेतु भेजे गये हैं। इसके अलावा, इस मामले में फीडबैक मिलना शेष है। तथापि, वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान, इन भत्तों के संबंध में निकसी ने निदेशक मंडल के अनुमोदन के अनुसार सरकारी नियमावली को अपनाया है।

50. अनुदान सहायता परियोजना की उपयोग न की गयी निधि पर ब्याज

वित्तीय वर्ष 2011–12 तक, कम्पनी परियोजनाओं के निष्पादन के लिए गारंटीकर्ता संस्थान से प्राप्त की गयी राशि को अनुदान सहायता प्रापति के रुप में उसे मानने के बदले ''ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम राशिश्श मान रही है और तदनुसार

गारंटीकर्ता संस्थान को प्रयोग न की गयी निधि पर कोई ब्याज नहीं दिया गया ।

निदेशक मण्डल ने दिनांक 21.12.2011 को आयोजित बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बचत बैंक खाता में लागू ब्याज दर के अनुसार समय–समय पर अनुदान सहायता परियोजनाओं में उपलब्ध प्रयोग न की गयी निधि पर उपार्जित ब्याज राशि की गणना करने और उसकी वापसी करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। तदनुसार कम्पनी ने गारंटीकर्ता संस्थानों को ब्याज राशि अर्थात् सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बचत बैंक खातों में लागू ब्याज की दर की गणना कर उसकी वापसी की है जबकि गारंटीकर्ता संस्थानों द्वारा निर्धारित निबंधन व शर्तों के अनुसार अनुदान सहायता परियोजनाओं की प्रयोग न की गयी शेष राशि पर उपार्जित वास्तविक ब्याज राशि की वापसी करनी होगी। गांरटीकर्त्ता विभागों ने वित्तीय वर्ष 2016–17 तक संबद्ध परियोजना में क्रेडिट किए गए ब्याज को स्वीकार किया है और इनमें से अधिकतर परियोजनाएं अभी पूरी हो गई हैं और उनके खातों का निपटान कर दिया गया हैं। हालांकि, कंपनी द्वारा सरकार को जीआईए परियोजनाओं में ब्याज की वापसी राशि को कम करने के संबंध में नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक कार्यालय से एक पैरा प्राप्त होना जारी है। निकसी ने इस पैरा पर उत्तर प्रदान किया था और यह अभी भी नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक कार्यालय के विचाराधीन है।

इसी बीच, निदेशक मंडल ने दिनांक 28.03.2017 को आयोजित अपनी 100वीं बैठक में, इस मामले पर पुनरू विचार किया है और निकसी को यह सलाह दी कि वे प्रोदभूत आधार पर अनुदान सहायता पर ब्याज की वापसी करें ।

तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2018–19 में, निकसी ने ब्याज दरों के अनुसार वास्तविक आधार पर जीआईए परियोजनाओं में प्राप्त ब्याज निकाला है, जिस ब्याज दर पर निकसी ने पिछले वर्षों में सावधि जमा की थी और वित्तीय वर्ष 2018–19 में और उसके आधार पर, 31.03.2018 तक की अवधि के लिए और वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए संबंधित परियोजना के प्रत्येक खाते में नीचे दिए गए अनुसार भिन्न ब्याज दिया है :

₹ लाखो में

अवधि	एन के एन परियोजना	अन्य जीआईए परियोजनाएं	योग
31.03.2018 तक की अवधि के लिए	1414.74	3351.27	4766.01
वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए	77.45	535.60	613.05
योग	1492.19	3886.87	5379.06

31.03.2018 तक की अवधि के लिए अनुदान सहायता प्राप्त परियोजनाओं (जिसमें एनकेएन परियोजना भी शामिल है) पर इस्तेमाल न की गई निधि पर प्राप्त ब्याज राशि को, जो वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए (पूर्व वर्ष 777.72 लाख रूपये, जिसमें एनकेएन परियोजना भी शामिल है) 4766.01 लाख रूपये और 613.05 लाख रूपये है, वर्ष के लिए ब्याज आय से कम कर दिया गया है।

51 प्राप्ति योग्य व्यापार

निकसी एतद्द्वारा प्रत्येक वर्ष भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों तथा राज्यों/संघ शासित राज्य क्षेत्रों से बहुत–सी नई परियोजनाएं कार्यानवित करती हैं। सामान्य वित्तीय नियमावली (जीएफआर) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार, निकसी को 40 प्रतिशत तक अथवा इसी प्रकार की दी गई अग्रिम राशि को जारी करने के लिए उसे प्रतिबंधित करती है, जबकि बहुत से मामलों में मुख्य रुप से आई सी टी हार्डवेयर की प्राप्ति करने से संबंधित मामलों में निकसी को उन मदों की प्रदायगी/प्रतिस्थापन करने के पश्चात् और उसकी पूरी सीमा तक कार्य आदेश जारी करने

होंगे। निकसी को कार्य आदेशों में दी गयी भुगतान शर्तों के अनुसार विक्रेताओं को भुगतान जारी करना होगा। इसके परिणामस्वरुप, बहुत से अवसरों पर, व्यापार प्राप्ति योग्य राशि को वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 9 में दर्शाया गया, जिसमें 31.3.2019 की स्थिति के अनुसार 27287.68 लाख रुपये (पूर्व वर्ष 29136.59 लाख रुपये) की व्यापार प्राप्ति योग्य राशि शामिल है, जिस पर निकसी द्वारा उसे वसूल करने के लिए संबद्ध विभाग/संगठन से समय–समय पर कार्रवाई की जाती है ।

52. 5 वीं मंजिल, शास्त्री पार्क, दिल्ली के संबंध में पूर्वावधि मूल्यह्रास

निकसी ने कार्य पूरा होने के बाद, 5 वीं मंजिल, शास्त्री पार्क, दिल्ली के लिए मैसर्स एनबीसीसी लिमिटेड को आंतरिक कार्य दिया था, वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान तल का काम शुरू हो गया था। तथापि, निकसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान मैसर्स एनबीसीसी लिमिटेड को अंतिम भुगतान किया गया है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2016–17 और 2017–18 के लिए 455.22 लाख रुपये का मूल्यह्रास वित्तीय वर्ष 2018–19 में अन्य इक्विटी के अधीन चार्ज किया गया है।

53. वसूली की जाने वाली असंभावित राशियों– संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान

कंपनी की लेखा नीति के अनुसार, प्राप्ति योग्य– व्यापार के संबंध में 5% की दर से प्रावधान किया गया है जो तुलन पत्र की तारीख से 3 वर्षों से भी अधिक वर्षों से बकाया हैं। पीएंडटी लेखापरीक्षा में यह पाया गया है कि कंपनी के संदिग्ध ऋणों का प्रावधान करने के लिए अपनाई गई नीति में कमी है।

निकसी द्वारा पिछले वर्षों के खातों पर उस कार्यालय को दिए गए आश्वासन तथा पीएंडटी लेखा – परीक्षा में दिए गए उपर्युक्त अवलोकन को ध्यान में रखते हुए, निकसी में एक समिति का गठन किया गया था जो वसूली की जाने वाली असंभावित संदिग्ध राशियों के लिए वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए लेखाओं में प्रावधान करने के संबंध में समीक्षा करेगी और अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी ।

समिति की सिफारिशों के आधार पर,वसूली की जाने वाली असंभावित संदिग्धं राशियों के संबंध में वित्तींय वर्ष 2018–19 के लिए निकसी के खातों में निम्नानुसार 'प्रावधान' किया गया है : –

(लाखों में)

अवधि	बकाया राशि	प्रतिशत में प्रावधान	राशि में प्रावधान
10 वर्षों से अधिक	5,105.01	100	5,105.01
5 से 10 वर्ष	7,853.17	50	3,926.59
3 से 5 वर्ष	3,432.76	25	858.00
3 वर्षों तक	9,476.78	शून्य	शून्य
योग	25,867.72		9,889.60

54. आपूर्तिकर्ताओं के लिए अग्रिम हेतु प्रावधान

वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए लेखा – परीक्षा करते समय, पीएंडटी की लेखा – परीक्षा में यह पाया गया था कि "आपूर्तिकर्ताओं को 984.16 लाख रूपये की राशि हेतु दिया जाने वाला अग्रिम 3 वर्षों से भी अधिक पुराना है। 3 से अधिक वर्षों तक पुराना होने के कारण, इस संबंध में प्रावधान किया जाये। प्रावधान न करने के परिणामस्वरूप, वर्तमान

परिसंपत्तियों का अधिमूल्यन हो गया है और प्रावधानों का कम आंकलन करने के कारण लाभ का अधिक आंकलन" हो गया है।

पीएंडटी की लेखा–परीक्षा में दिए गए उपर्युक्त अवलोकन को ध्यान में रखते हुए, निकसी में एक समिति का गठन किया गया, जो कि आपूर्तिकर्ताओं को निपटान किए जाने के लिए असंभावित राशियों के संबंध में किए जाने वाले प्रावधान पर विचार करने और उसकी सिफारिश करने हेतु उनकी सिफारिशों की समीक्षा करेगी और अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।

समिति की सिफारिशों के आधार पर, एनकेएन परियोजना को छोड़कर निपटान किए जाने के लिए असंभावित तथा 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार 3 से भी अधिक वर्षों तक रहने वाली बकाया राशियों के लिए वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए पूर्तिकारों को दी जाने वाली 1712.20 लाख रूपये की राशियों के लिए खातों में प्रावधान किया गया है।

55. चालू तथा गैर–चालू परिसंपत्तियों तथा देयताओं का वर्गीकरण

कंपनी परिचालन श्रेणी के भीतर वसूलनीय क्षमताध्भुगतान के अनुमान के आधार पर वित्तीय विवरणों में परिसंपतियों और देयताओं का श्श्चालू तथा गैर–चालूश्श के अंतर्गत द्विविभाजन की सुविधा प्रदान करती है।

56. निगमित सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के संबंध में व्यय

निकसी ने 27 दिसंबर, 2018 को आयोजित 108 वीं बोर्ड की बैठक के अनुसार, निगमित सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) के व्यय के संबंध में वित्तीय वर्ष 2018–19 (पूर्व वर्ष 198.00 लाख) के लिए खातों में 176.00 लाख रुपयों का प्रावधान किया है।

57. अनुदान सहायता परियोजनाएं

अनुदान सहायता परियोजनाओं के संबंध में मंजूरियों में निर्दिष्ट निबंधन और शर्तों के अनुसार, कंपनी सीए फर्म से लेखा परीक्षा की गई सभी ऐसी परियोजनाओं के लेखा प्राप्त कर रही है। चालू वर्ष के लिए, एनकेएन परियोजना को छोड़कर, सभी जीआईए परियोजनाओं के खाते का लेखा परीक्षा किया जाता है, जिस पर कार्रवाई चल रही है।

58. जिला 2.0 – डिजिटल इंडिया पहल को पूरा करने के लिए जिला अवसंरचना का विस्तार'

निदेशक मंडल ने दिनांक 28.03.2017 को आयोजित अपनी 100 वीं बैठक में इस परियोजना पर विचार किया और चरण –1 के लिए 9,900 लाख रुपये के कुल परिव्यय के लिए अनुमोदन दिया जिसकी निकसी द्वारा नकदी आरक्षिति में से पूरी तरह से पूर्ति की जायेगी ।

तथापि परियोजना में कोई 'राजस्व' आय नहीं होगी, क्योंकि इसमें एनआईसी के कुछ जिला केंद्रों में केवल आईसीटी अवसंरचना का विस्तार करना शामिल है। चूंकि, परियोजना से कोई आय नहीं होती है और संपत्तियां न तो निकसी से संबंधित हैं और न ही उसके कब्जे में है, इसलिए निकसी ने आय और व्यय लेखा में व्यय के रूप में वर्ष के दौरान उससे संबंधित 5804.99 लाख रूपये (पूर्व वर्ष 2687.54 लाख रूपये) की सम्पूर्ण व्यय राशि को सीधे ही भेज दिया है।

59. आयकर और बिक्री कर आदि के लिए प्रावधान

वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए लेखा – परीक्षा करते समय पी एंड टी की लेखा – परीक्षा में यह पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2007–08 से 2014–15 के संबंध में आयकर विभाग से वसूलनीय टीडीएस/आयकर के कारण 2,281.03 लाख रूपये की राशि लंबित है। उपर्युक्त राशि 3 से भी अधिक वर्षों से पुरानी है, इस संबंध में कंपनी द्वारा प्रावधान किया

जाये। हालांकि, कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इस राशि का प्रावधान न होने के कारण चालू परिसंपत्तियों का अधिमूल्यन हुआ है और प्रावधान का कम आंकलन होने के कारण आय का अधिक आंकलन हुआ है।

पीएंडटी की लेखा–परीक्षा में दिए गए उपर्युक्त अवलोकन को ध्यान में रखते हुए, निकसी में एक समिति का गठन किया गया जो वसूली किए जाने के लिए असंभावित आयकर वापिसी, बिक्री कर की वसूली और टीडीएस पर कार्य संविदा के संबंध में राशियों के लिए वित्तीय वर्ष 2018–19 के खातों में किए जाने वाले प्रावधान की समीक्षा और सिफारिशें करेगी। समिति की सिफारिशों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए निकसी के खातों में निम्नानुसार प्रावधान किया गया है:

(लाखों में)

विवरण	**31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष**
आयकर	1,646.55
बिक्री कर/ वेट /डीवीएटी	117.70
कार्य संविदा पर टीडीएस	2.34
योग	1,766.59

60. अप्रचलित मदें

कंपनी के पास 31–03–2019 की स्थिति के अनुसार अचल परिसंपत्तियों की कुछ अप्रचलित मदें हैं। वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए निकसी के खातों की समीक्षा करते समय, पीएंडटी की लेखा – परीक्षा दल ने यह पाया कि 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अप्रचलित मदों के मूल्यह्रसित मूल्य और उसी के लिए अनुमानित बिक्री मूल्य के बीच होने वाले अंतर के संबंध में उस वर्ष में खातों में कोई प्रावधान नहीं किया गया। तदनुसार, निकसी में एक समिति का गठन किया गया, जो 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार मूल्यह्रसित मूल्य और अनुमानित बिक्री मूल्य के बीच अप्रचलित मदों के संबंध में वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए निकसी के खातों में किए जाने वाले 'प्रावधान' की जांच और उसकी सिफारिश करेंगी । समिति ने सिफारिश की है कि 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार अप्रचलित परिसंपत्तियों की मदों के मूल्यह्रसित मूल्य अर्थात 49.89 लाख रूपयों को अनुमानित बिक्री मूल्य के रूप में लिया जाये और इसलिए, इन खातों में उस वर्ष के लिए कोई प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं है।

61. पूर्वावधि मदें

कंपनी ने केवल त्रुटियों और चूक को पूर्वावधि के रूप में माना है। चालू वर्ष में, कोई त्रुटि या चूक नहीं हुई है और इसलिए, टिप्पंणी संख्या 50 और 52 में दी गई रिपोर्ट को छोड़कर, कोई पूर्वावधि व्यय या आय नहीं है। तथापि, पिछले वर्ष के खातों के संबंध में निकसी द्वारा पीएंडटी लेखा–परीक्षा कार्यालय को दिए गए आश्वासन के अनुसार, सभी गैर–निष्पादित या आंशिक रूप से निष्पादित क्रय आदेशों/कार्य आदेशों की समीक्षा की गई है और इसके आधार पर 30.06.2017 तक जारी किए गए ऐसे सभी क्रय आदेशों/कार्य आदेशों को रद्द माना गया है।

62. कंपनी मुख्य रूप से माल और सेवाओं की बिक्री से राजस्व प्राप्त करती है। 01 अप्रैल 2018 से, कंपनी ने संचयी कैच–अप ट्रांजिशन पद्धति का उपयोग करके "भारतीय लेखा मानक 115 (भारतीय लेखांकन मानक115) – 'ग्राहकों के पास संविदा से राजस्व " पद्धति को अपनाया है जो पारगमन तारीख अर्थात 1 अप्रैल 2018 की स्थिति के अनुसार पूरा न

की गई संविदाओं पर लागू होती है1 तदनुसार, राजस्व की तुलनात्मक राशियों और तदनुरूपी संविदा परिसंपत्तियों/देनदारियों को पूर्वव्यापी रूप से समायोजित नहीं किया गया है। 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों पर पड़ने वाला उसका प्रभाव 'शून्य' रूपये है।

63. पूर्व वर्ष के आंकडे का पुनरू वर्गीकरण

कंपनी ने चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुषटि करने के लिए पूर्व वर्ष के आंकडों का पुनरू वर्गीकरण किया है।

हमारी सम तारीख रिपोर्ट के अनुसार
कृते अग्रवाल एंड सक्सेना
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या 002405सी

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह0/–
अक्षय सेठी
भागीदार
सदस्यता सं. 539439

ह0/–
मनोज कुमार मिश्रा
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 07652553

ह0/–
पंकज कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 08176055

ह0/–
डॉ. गिरीश कुमार
कंपनी सचिव
एफसीएसः 6468

ह0/–
दीपक सक्सेना
वित्तीय सलाहकार
व सनदी लेखकार

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30–07–2019

स्वतंत्र लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के सदस्यों हेतु

भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की लेखा–परीक्षा पर रिपोर्ट

अर्हतापूर्ण विचार

हमने नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सविर्सिज इंकोरपोरेटिड ('कंपनी') के भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की लेखा–परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार वर्ष से लेकर उसकी समाप्ति तक, तुलन पत्र और आय और व्यय खाता, इक्विटी में परिवर्तन का विवरण और नकदी प्रवाह का विवरण और भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां शामिल है, जिसमें महत्वपूर्ण लेखा नीतियां अैर अन्य स्पष्टीकरण संबंधी सूचना के सार भी शामिल है।

हमारे विचार में और हमारी बेहतर सूचना के अनुसार तथा हमारी रिपोर्ट के अर्हता प्राप्त विचार के आधार अनुभाग में वर्णित मामलों के संभव प्रभाव को छोड़कर, हमें दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार, पूर्वोक्त वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) द्वारा अपेक्षित सूचना यथा अपेक्षित तरीके से प्रदान करते हैं तथा 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार कंपनी की कार्य स्थिति के बारे में और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए उसकी हानियों, इक्विटी में परिवर्तनों तथा उसकी नकदी प्रवाह राशि के बारे में भारत में सामान्य रुप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरूप एक सही और उपर्युक्त विचार प्रदान करते हैं।

अर्हतापूर्ण विचार का आधार

1. प्रबंधन द्वारा सूचित किए गए अनुसार एनकेएन परियोजना के संबंध में अनुदान सहायता प्राप्त परियोजना के खातों की लेखा परीक्षा पर अभी कारवाई चल रही है। तदनुसार, वर्ष के लिए कंपनी के भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों को एनकेएन परियोजनाओं के ऐसे गैर लेखा– परीक्षित खातों के आधार पर संकलित किया गया है। ऐसी अनुदान सहायता प्राप्त परियोजनाओं की लेखा–परीक्षा करने के परिणामस्वरूप, परिसंपत्तियों / देनदारियों और / या आय / व्यय पर पड़ने वाले प्रभाव, यदि कोई है, का पता नहीं है। (टिप्पणी 57 देखें)

2. कंपनी ने बाहरी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा कार्यानवित की जाने वाली प्रणाली लेखा– परीक्षा को वैधीकृत किए बिना पूर्व वर्ष (वित्तीय वर्ष 2017–18) के दौरान 01 जुलाई, 2017 से ईआरपी लेखांकन सॉफ्टवेयर को कार्यानवित किया। डॉटा निष्ठा में संभावित प्रणाली में कमजोरी होने के कारण भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों में बताये गए अनुसार परिसंपत्तियों/देनदारियों औरध्या आय/व्यय पर पड़ने वाला प्रभाव, यदि कोई हो, का इस समय पता नहीं है।

3. हमारे विचार में, परिसंपतति संयंत्र और उपस्कर का प्रत्यक्ष सत्यापन करने, विक्रेता की शेष राशियों की पुष्टि/ मिलान करने, विक्रताओं के कार्य–निष्पादन, बैंक गारंटियों को जारी करने की प्रक्रिया, ग्राहकों द्वारा बैंक खाते में ई–भुगतान के जरिये सीधे ही जमा राशि जमा करने/अन्यथा और देय राशियों की वसूली करने के संबंध में कंपनी में मौजूद आंतरिक नियंत्रण उसके परिचालन के आकार और प्रकृति के अनुरूप होना चाहिए। (अनुबंध 'क' देखें)

4. व्यापार देय राशि के संबंध में शेष राशियों (टिप्पणी –18), प्राप्ति योग्य व्यापार (टिप्पणी–9) ग्राहकों से प्राप्त की गई अग्रिम राशियों (टिप्पणी–20) बयाना जमा राशियों की प्राप्तियाँ (टिप्पणी–19), प्रतिभूति जमा राशियों

(टिप्पणी–17) और ग्राहकों से प्राप्त की गई अनुदान सहायता राशियों (टिप्पणी–20) के संबंध में शेष राशियां वर्ष की समाप्ति की स्थिति के अनुसार प्रस्तुत किये परिमाणात्मक मिलान करने और/अथवा प्राप्त की गई/प्राप्त की जाने वाली पुष्टियों के अनुसार होगी। ऐसी पुष्टि के परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों/देयताओं और/अथवा आय/व्यय पर पड़ने वाला कोई प्रभाव, यदि कोई है, का इस समय पता नहीं है ।

5. ग्राहकों से प्राप्त की गई अग्रिम राशियों, जो 1,11,852.70 लाख रुपये की राशि है, के संबंध में भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी संख्या 20 देखें । संबंधित लेखाओं की समीक्षा करने पर बहुत से ग्राहकों के बारे में यह पता चलता है, जहाँ पर वर्ष की समाप्ति के अनुसार 3 से अधिक वर्षों के लिए बकाया राशियाँ शेष है । भारत सरकार के मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से अधिकांश रूप से प्राप्त की गई इन अग्रिम राशियों का कंपनी द्वारा विभिन्न बैकों में ब्याज की विभिन्न दरों पर सावधि जमा राशियों में और परिपक्वता प्रोफाइलों में निवेश किया गया है ।

